www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 218 । भोपाल, सोमवार 7 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

आज देश के कोने-कोने में रेल सेवा उपलब्ध : यादव — पृष्ठ 2
▪ लोकसभा की विश्वनीयता का सवाल
▪ राहुल गांधी की सजा पर रोक से भाजपा-संघ को झटका — पृष्ठ 4
▪ तहसील का मुख्य पोस्ट ऑफिस भवन हुआ जर्जर — पृष्ठ 6
आधुनिक रेलवे स्टेशन की उम्मीद पूरी होते देख खुश हो गए स्थानीय लोग — पृष्ठ 8

प्रधानमंत्री ने अमृत भारत योजना के तहत देशभर के 508 रेल्वे स्टेशनों के पुर्नविकास की आधारशिला रखी

## विपक्ष पर साधा निशाना

# न खुद कुछ करते हैं, न करने देते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश की भलाई के लिए जो कुछ भी कर रही है, उस पर विपक्ष को आपत्ति है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत देशभर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखने के कहा कि दुर्भाग्य से हमारे देश में विपक्ष का एक वर्ग आज भी पुराने तरीकों पर ही चल रहा है। आज वे न तो खुद कुछ करेंगे और न ही किसी और को कुछ करने देंगे। मोदी ने कहा कि देश ने एक आधुनिक संसद भवन बनाया। संसद देश के लोकतंत्र का प्रतीक है। इसमें सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष का भी प्रतिनिधित्व है, लेकिन विपक्ष के इस वर्ग ने नए संसद भवन का विरोध किया। उन्होंने कहा कि हमने कर्तव्य पथ का पुनर्विकास किया लेकिन उन्होंने इसका भी विरोध किया। मोदी ने कहा कि 70 वर्षों तक, उन्होंने देश के बहादुरों के लिए एक युद्ध स्मारक भी नहीं




बनाया। जब हमने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक बनाया, तो उन्हें इसकी भी आलोचना करने में कोई शर्म नहीं आई। सरदार वल्लभभाई पटेल की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी दुनिया की सबसे ऊंची इमारत है। हर भारतीय को इस पर गर्व है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों के किसी भी बड़े नेता ने कभी प्रतिमा का दौरा नहीं किया लेकिन नकारात्मकता से ऊपर उठकर, हम एक मिशन के रूप में सकारात्मक राजनीति की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। इसके अलावा, पीएम मोदी ने पुनर्विकास परियोजना के बारे में बोलते हुए कहा, प्रत्येक अमृत स्टेशन शहर की आधुनिक आकांक्षाओं और प्राचीन विरासत का प्रतीक बन जाएगा। मोदी ने विपक्षी महागठबंधन इंडिया पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और तुष्टिकरण की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश इन बुरी ताकतों से भारत छोड़ने का आह्वान कर रहा है।

मोदी ने भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ का जिक्र करते हुए कहा कि यह महीना क्रांति का महीना है, कृतज्ञता का महीना है। यह कर्तव्य का महीना है। अगस्त में इतने ऐतिहासिक दिन आते हैं, जिन्होंने भारत के इतिहास को एक नई दिशा दी और आज भी हमें प्रेरित करते हैं। उन्होंने आगे कहा 7 अगस्त को पूरा देश राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाएगा। यह तारीख हर भारतीय के लिए स्थानीय लोगों के लिए मुखर होने के संकल्प ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

संत हिरदाराम नगर में कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल बोले-

## प्रधानमंत्री ने छप्पर फाड़ दी सौगात




**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेलप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आभासी माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास शिलान्यास कार्यक्रम में संत हिरदाराम नगर शामिल हुए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम-जन को रेलवे के कायाकल्प की छप्पर फाड़ सौगात दी है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में यह पहला प्रसंग है, जिसमें 25 हजार करोड़ रूपये के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्यों का शिलान्यास हुआ है। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मध्यप्रदेश के 34 रेलवे स्टेशनों के शिलान्यास किये जाने के लिए मध्यप्रदेश की समस्त जनता के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानमंत्री का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत समस्त कार्य उच्च गुणवत्ता और निश्चित समय सीमा में पूरे किए जाये। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना में चयनित स्टेशनों के भवन सुधार और ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री विदिशा में हुए कार्यक्रम में शामिल, कहा-

## प्रदेश को विकसित बनाएगी डबल इंजन सरकार



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश और प्रदेश में विश्वस्तरीय अधोसंरचना विकसित करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा है कि केंद्र और मध्यप्रदेश की डबल इंजन सरकार मध्यप्रदेश में विकास और समाज के सभी वर्गो के कल्याण के कार्यों से प्रदेश को विकसित बनाएगी। श्री चौहान विदिशा से प्रदेश के 34 रेल्वे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रेल्वे स्टेशनों की काया बदलने से प्रदेश को समृद्ध और अधोसंरचनात्मक नया स्वरूप मिलेगा। विदिशा के स्टेशन का 28 करोड़ रूपये से कायाकल्प होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार और सरकार में फर्क होता है। वर्ष 2014 में जहा मध्यप्रदेश के लिए रेल का बजट मात्र 632 करोड़ होता था, उसे प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लगभग 21 गुना यानी 13 हजार 607 करोड़ रूपए किया ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## छाता सुधारने वाली दुर्गा बाई से मिले मुख्यमंत्री, 50 हजार की सहायता दी



### मुख्यमंत्री के निर्देश पर कलेक्टर ने सौंपा चेक

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विदिशा के रेलवे स्टेशन माधवगंज पर इंदौरी पान भंडार की दुकान पहुँचे। दुकान के समीप लुंहागी मोहल्ला निवासी श्रीमती दुर्गाबाई वंशकार छाता मरम्मत का कार्य कर रही थी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उन्हें देखते ही उनके पास पहुंचे। मुख्यमंत्री ने दुर्गाबाई से उनका हाल-चाल पूछा। श्रीमती दुर्गावाई वंशकार ने अपनी जीविका उपार्जन की पीड़ा मुख्यमंत्री को बताई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्रीमती दुर्गाबाई वंशकार को स्वेच्छानिधि से रोजगार के लिए 50 हजार रूपये की अनुदान सहायता राशि तत्काल देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के निर्देश के कुछ देर बाद कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने पचास हजार रूपये का चेक श्रीमती दुर्गाबाई पत्नि मुकेश वंशकार को सौंपा। दुर्गाबाई ने मुख्यमंत्री को बताया कि लाड़ली बहना के 1000 रूपये मिल रहे हैं। पहले 600 रूपये पेंशन मिलती थी अब 1000 रूपये मिल रहे हैं।

## सार-समाचार

### राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस पर जागरूकता को देश के 26 शहर एकजुट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया (6 अगस्त 1994 को चेन्नई में गठित) ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस का रविवार को आयोजन किया। इस अवसर पर देश भर के 26 शहरों में 'अंगविच्छेद मुक्त भारत' के थीम पर एक वॉकथॉन का आयोजन कर जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया- 'एक मील चलो, मुस्करा कर जीओ'। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू वॉकथॉन इंडिया गेट की परिक्रमा कर वापस नेशनल स्टेडियम पहुंचा।

### इंडिगो की फ्लाइट में डेढ़ घंटे बंद रहा एसी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** इंडिगो की जयपुर-चंडीगढ़ फ्लाइट में शनिवार को एसी बंद हो गया। पूरे सफर के दौरान एसी नहीं चला और यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। लोग हाथ से हवा करते हुए दिखाई दिए। एयर होस्टेस ने पैसेंजर्स को पसीना पोंछने के लिए टिश्यू पेपर बांटे। फ्लाइट ने सुबह 10:17 बजे चंडीगढ़ से उड़ान भरी और एक घंटे 22 मिनट का सफर पूरा कर करीब 11:39 बजे जयपुर पहुंची। पूरे सफर के दौरान एसी बंद रहा। घटना का वीडियो पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने शेयर किया है।

### एनआईए की भोपाल में दस ठिकानों पर छापेमारी

**भोपाल, देशबन्धु।** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने रविवार तड़के चार बजे भोपाल में 10 अलग-अलग जगहों पर दबिश दी। इस छापामार कार्रवाई के दौरान 10 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया। इनमें जहांगीराबाद इलाके से महिला और उसके देवर को भी एनआईए ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। 11 घंटे की पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए को दिल्ली में दर्ज एक पुराने मामले से जुड़े संदिग्धों के भोपाल में छिपे होने की सूचना मिली थी। यह इनपुट मामले के एक अन्य आरोपी से हुई पूछताछ में मिला था, जो छत्तीसगढ़ से जुड़ा है। टीम इसी आरोपी को लेकर देर रात भोपाल पहुंची थी।

### बीएसफ जवानों ने 1.10 करोड़ के सोने के बिस्कुट पकड़े

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बीएसएफ के जवानों ने रविवार को सोने के 15 बिस्कुटों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बिस्कुटों का कुल वजन 1831.95 ग्राम है। इंटरनेशनल मार्केट में इनकी कीमत करीब एक करोड़ दस लाख रुपए है। बीएसएफ के अनुसार खुफिया विभाग से जवानों सूचना मिली थी कि उनके इलाके से सोने कि तस्करी होने वाली है। सूचना के आधार पर जवानों ने फिरोजपुर गांव की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति को बाइक चलाकर आते हुए देखा। बोयराघाट सीमा चौकी पर जवानों ने उसे रोका। उससे सोने कि तस्करी के बारे में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान वह घबरा गया और और उसने अपनी मोटरसाइकिल के निचले हिस्से (चैन कवर के पास बनी कैविटी) में सोना छुपाने की बात स्वीकार की। बीएसएफ के जवानों ने तस्कर को मौके पर ही उसे अरेस्ट कर लिया। सीमा चौकी में आकर जवानों ने बाइक के उक्त पार्ट्स को खोला जहां तस्कर ने सोना छुपा रखा था। उसके बाद तस्कर को भेद खुल गया और सोना सामने आ गया।

### राज्यपाल ने अब 'पीस ट्रेन' शुरू करने रेल विभाग से की बात

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने इंट्रा-स्टेट 'पीस ट्रेन' शुरू करने के लिए रेलवे विभाग के साथ बातचीत शुरू कर दी है। पिछले दिनों पश्चिम बंगाल में हिंसा और खून-खराबे की शिकायतों के समाधान के लिए राज्यपाल ने राजभवन परिसर में 'पीस रूम' खोलने की पहल की थी। राजभवन के सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल ने इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी अनुरोध किया है। सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल के प्रस्ताव में कहा गया है कि 'पीस ट्रेन' कोलकाता के सियालदह स्टेशन से दार्जिलिंग जिले के न्यू जलपाईगुड़ी के बीच दक्षिण बंगाल और उत्तर बंगाल दोनों को कवर करते हुए शांति का संदेश देगी। हाल ही में, राज्यपाल ने मीडियाकर्मियों से कहा कि 'भ्रष्टाचार' और 'हिंसा' पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए दो सबसे बड़े दुश्मन हैं। राज्यपाल ने हाल ही में राज्य में विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार पर जनता की शिकायतों के समाधान के लिए राजभवन परिसर में एक 'भ्रष्टाचार विरोधी कक्ष' खोलने की पहल की है।।

अंबुजा-एसआईएल सौदे में गड़बड़ी का आरोप लगाया

## अडाणी के लिए एजेंसी का किया जा रहा दुरुपयोग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने इस महीने की शुरुआत में गुजरात स्थित सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड नामक एक अन्य सीमेंट कंपनी का अडाणी ग्रुप के स्वामित्व वाली अंबुजा सीमेंट्स द्वारा अधिग्रहण में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाया है। कांग्रेस का भारतीय अरबपति पर यह सबसे नवीनतम हमला है। कांग्रेस ने बयान जारी किया, जिसमें इस सप्ताह की शुरुआत में अडाणी ग्रुप और एसआईएल के बीच हुए 295 मिलियन डॉलर के सौदे के बारे में बात कही गई है। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के मीडिया प्रभारी, जयराम रमेश के अनुसार, दोनों कंपनियों के बीच यह सौदा सीमेंट पर आयकर छापे के एक महीने बाद हुआ, जो कंपनी एसआईएल का अधिग्रहण करने के लिए बातचीत कर रही थी। रमेश ने कांग्रेस की ओर से जारी बयान में कहा कि हवाई अड्डों, बंदरगाहों और हाल ही में सीमेंट जैसे क्षेत्रों में, बेशकीमती संपत्तियों के लिए अडाणी के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाली कंपनियों को सीबीआई, ईडी और आयकर छापे का सामना करना पड़ा है, जिसने उन्हें अपनी बोलियों के साथ आगे बढ़ने से रोक दिया है। इसके कारण अधिकतर संपत्ति अंततः अडाणी के पास चली गई है। इसमें कहा गया है कि यह पीएम के पसंदीदा व्यवसायी द्वारा राज्य पर कब्जा करने का एक उदाहरण है। सरकार द्वारा अडाणी को राष्ट्रीय स्तर पर चोरी के लिए प्रोत्साहित और सुविधा प्रदान की जा रही है। कच्छ के सांघीपुरम में सांघी ग्रुप की यूनिट कथित तौर पर क्षमता के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी एकल-स्थान सीमेंट और क्लिंकर यूनिट है। क्लिंकर सीमेंट के निर्माण के दौरान बनाया गया एक उत्पाद है।

एएसआई के सर्वे में दीवारों की हुई थ्री-डी फोटोग्राफी

## ज्ञानवापी की गुंबद में मिलीं कलाकृतियां

**वाराणसी, एजेंसी।** ज्ञानवापी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का चौथे दिन का सर्वे पूरा हो गया। एएसआई ने रविवार सुबह सबसे पहले मुस्लिम पक्ष से चाबी लेकर व्यास तहखाने का ताला खुलवाया। सफाई करवाई और एग्जॉस्ट लगवाए। इसके बाद सर्वे शुरू किया। ज्ञानवापी के तीनों गुंबदों और परिसर का सर्वे हुआ। एएसआई ने व्यास तहखाने में पैमाइश की। दीवारों की 3-डी फोटोग्राफी, स्कैनिंग करवाई। चार्ट में दीवारों पर मिली कलाकृतियों के पॉइंट्स नोट किए।

**अब जीआरपी मशीन के सर्वे पर फोकस**- सूत्रों ने बताया कि जीआरपी सर्वे के लिए आईआईटी की एक्सपर्ट टीम पहुंच चुकी है। माना जा रहा है कि दो दिन बाद ज्ञानवापी परिसर में जीआरपी मशीन लगाई जाएगी। इसके बाद टीम सर्वे के अगले चरण में पहुंचेगी। कानपुर आईआईटी के दो जीआरपी एक्सपर्ट भी सर्वे टीम के साथ थे। बताया जा रहा है कि एक-दो दिन में जीआरपी मशीन से सर्वे शुरू हो सकता है। टीम ने 12.30 बजे लंच और नमाज के लिए ब्रेक लिया। 2.30 बजे से दोबारा सर्वे शुरू किया गया। इसके बाद शाम 5 बजे तक सर्वे का काम हुआ। मुस्लिम पक्ष ने जल्द ही मुख्य तहखाने की चाबी देने की बात कही है। चौथे दिन एएसआई टीम को गुंबदों के सर्वे के दौरान गोलाकार छत में कई डिजाइनें मिली हैं। हॉल में ही तीनों गुंबद सीलिंग में टीम को कई डिजाइनें दिखीं। इनकी एक-एक करके फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई गई। इस हॉल में अब तक मंदिरों में दिखने वाले 20 से अधिक आले (दीवार में बनी अलमारी, इसे पूर्वांचल में ताखे कहते हैं) भी दिखे हैं। आलों की संरचना और उनके आसपास उभरे चिह्नों की थ्री-डी मैपिंग भी हुई। हिंदू पक्ष ने कहा कि हम आगे बढ़ रहे हैं। गुंबद के पूरे सर्वे में अभी समय लगेगा, मगर सीलिंग की डिजाइन ने हमारा उत्साह बढ़ा दिया है।

### 2 सितंबर तक कोर्ट में प्रस्तुत करनी होगी रिपोर्ट


पूरी ज्ञानवापी बिल्डिंग को एक बार में देखने के लिए सैटेलाइट के जरिए 3 डी इमैजिनेशन तैयार किया जा रहा है। इसमें टीम दीवारों की 3 डी इमेजिंग, मैपिंग और स्क्रीनिंग भी करेगी। रविवार को एएसआई से 58 लोग, हिंदू पक्ष से 8 लोग और मुस्लिम पक्ष से 3 लोग मौजूद हैं। वहीं, जिला कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। अजय कुमार विश्वेश की अदालत ने आदेश दिया कि एएसआई को अपनी सर्वे रिपोर्ट 2 सितंबर तक सब्मिट करनी होगी।

### एएसआई टीम पर दबाव बना रहा हिंदू पक्ष : यासीन

अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के संयुक्त सचिव एसएम यासीन ने कहा कि एएसआई टीम पर दबाव बनाने के लिए हिंदू पक्ष के वादी बयानबाजी कर रहे हैं। प्रशासन को हिंदू पक्ष के वादियों की बयानबाजी पर नजर रखनी चाहिए। हिंदू पक्ष के वादियों के बयानों पर रोक न लगी तो कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेंगे।

राज्यसभा में आज पेश होगा दिल्ली सेवा बिल

# लोकसभा के बाद अब राज्यसभा की बारी





### राज्यसभा से पास होने के बाद मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा बिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग से जुड़े अध्यादेश को आज राज्यसभा में पेश किया जाएगा। इस बिल पर कल सदन में चर्चा हो सकती है। राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी ने बताया कि 7 अगस्त को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली अध्यादेश बिल को राज्यसभा में पेश करेंगे। बता दें कि दिल्ली अध्यादेश वाले बिल को पहले ही लेकसभा से पास कराया जा चुका है। राज्यसभा से पास होने के बाद यह मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा जहां से पास होते ही यह कानून बन जाएगा। केजरीवाल ही नहीं केंद्र सरकार के लिए भी यह किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है।

सबसे पहले दिल्ली अध्यादेश बिल को लोकसभा से आसानी से पास करा लिया गया। इस बिल पर चर्चा के बाद हुए मतदान में विपक्ष को असफलता हाथ लगी। बिल को सोमवार को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। अमित शाह इस बिल को पेश करेंगे। चर्चा के बाद मतदान होगा जिसके बाद इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेजा जाएगा। वहां से अप्रूवल के बाद एक गैजेट जारी होगा जिसके बाद यह पूरी तरह से कानून की शक्ल ले लेगा। विपक्ष की ओर से कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी विधेयक पर चर्चा की शुरुआत कर सकते हैं। विपक्षी एकता की मुहिम से दूरी बनाने वाले दलों बीजेडी, टीडीपी, वाईएसआरसीपी ने उच्च सदन में विधेयक का समर्थन करने की घोषणा की है। इसके अलावा बसपा ने राज्यसभा में मतदान से अनुपस्थित रहने का फैसला किया है। इन दलों के समर्थन के बाद उच्च सदन में भी विधेयक के पारित होने का रास्ता साफ हो गया है।।

**केंद्र सरकार के लिए यह अग्निपरीक्षा**- केंद्र सरकार के लाए दिल्ली अध्यादेश का सबसे ज्यादा विरोध सीएम केजरीवाल रहे हैं। यह बिल दिल्ली में समूह-ए के अधिकारियों के ट्रांसफर एवं पोस्टिंग के लिए एक प्राधिकार के गठन के लिहाज से लागू अध्यादेश का स्थान लेगा। इसके बाद केजरीवाल सरकार सीधे फैसला न लेकर एलजी से परमिशन लेनी होगी। इस बिल को राज्यसभा में गिराने के लिए सीएम केजरीवाल अब तक सभी विपक्षी पार्टियों से मुलाकात कर चुके हैं। सोमवार का दिन उनके लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी। सत्ता पक्ष के लिए यह भी किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। इससे पहले तीन अगस्त को राजधानी दिल्ली में अधिकारियों की नियुक्ति और स्थानांतरण मामले में उपराज्यपाल के फैसले को अंतिम माने जाने वाले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित कर दिया गया था। विधेयक पर हुई चाढ़े चार घंटे की चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री ने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि था विपक्ष को देशहित, दिल्ली के हित की चिंता नहीं बल्कि गठबंधन बचाने की चिंता है। उन्होंने पूछा था कि आज विपक्ष को मणिपुर हिंसा की याद क्यों नहीं आ रही? विपक्ष आज प्रधानमंत्री को सदन में बुलाने की मांग क्यों नहीं कर रहा? इससे पहले भी जब नौ विधेयक पारित हुए, तब विपक्ष ने चर्चा में हिस्सा क्यों नहीं लिया। नंबर गेम की बात करें तो बीजेपी के पास 238 में से 92 सांसद हैं। बिल को पास कराने के लिए 119 सांसदों का सपोर्ट चाहिए। खबर यह है कि वाईएसआर और बीजू जनता दल के पास 9-9 सांसद हैं। एनडीए के बाकी सहयोगियों की बात करें तो एआईएडीएमके के पास 4, आरपीआई के पास, टीडीपी के पास 1, असम गण परिषद के पास 1, पट्टाली मक्कल काची के पास 1, तमिल मनीला कांग्रेस के पास 1, एनपीपी के पास 1, एमएनएफ के पास 1 और यूपीपी के पास 1 सांसद हैं। विपक्ष में कांग्रेस के 31 सांसद हैं। विपक्षी पार्टियों की बात करें तो कांग्रेस के अलावा टीएमसी के 1, आम आदमी पार्टी के 10, डीएमके के 10, सीपीआई एम के 5, जेडीयू के 5, शिवसेना (यूबीटी) के 4, एनसीपी(शरद पवार गुट) के 3, जेएमएम के 2, सीपीआई के 2, आईयूएमएल केरल कांग्रेस के 1, आरएलडी के 1 और एमडीएमके के 1 सासंद हैं।

### एनडीए व इंडिया गंठबंधन ने जारी किया व्हिप

आम आदमी पार्टी ने अपने सभी राज्यसभा सांसदों को 7 और 8 अगस्त को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी की है। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी ने अपने राज्यसभा सांसदों को सोमवार, 7 अगस्त को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। विधेयक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम में संशोधन कर अधिकारियों की नियुक्ति, स्थानांतरण पर फैसला लेने के लिए प्राधिकरण बनाने का प्रावधान है। प्राधिकरण में मुख्यमंत्री को भी शामिल किया गया है। हालांकि, इस मामले में फैसला लेने का अंतिम अधिकार उपराज्यपाल को दिया गया है।

## सार समाचार

### मुनिसंघ के सानिध्य में मना पाठशाला का वार्षिकोत्सव

**गुना, देशबन्धु।** आचार्यश्री विद्यासागर पाठशाला बड़ा जैन मंदिर का वार्षिक कलश स्थापना समारोह मुनिश्री आगम सागरजी एवं मुनिश्री पुनीत सागरजी के सानिध्य मे महावीर में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रात्काल में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज एवं मुनिद्वय की पूजन हुई। तत्पश्चात पाठशाला को सहयोग करने, पाठशाला को शिक्षण देने वाली शिक्षिकाओं के माता-पिता का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य नाटिका के माध्यम से धर्म प्रेरणा के लिये प्रोत्साहित किया गया। वहीं नगर की सभी पाठशालाओं की संचालिका का आपस में सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मुनिश्री पुनीत सागरजी महाराज ने अपने प्रवचनों में बताया कि आजकल के स्कूलों में मात्र लौकिक शिक्षा, रोजगार प्राप्त करने की शिक्षा दी जाती है। जबकि पाठशालाओं में आध्यात्मिक व अलौकिक शिक्षा प्रदान की जाती है। शाला में शिक्षित किया जाता पर पाठशाला में सुशिक्षित किया जाता है। आज की शिक्षा शरीर के उद्धार के लिये दी जाती है। जबकि जबतक आत्मा के उद्धार के लिए शिक्षा नहीं प्राप्त करोगे। अपना कल्याण नहीं कर सकोगें। मुनिश्री ने कहा कि आज बच्चे वैज्ञानिक तरीके से बात को समझना चाहते है तर्क के द्वारा बात मानते हैं। आचार्यश्री संघ के इतनी इन्जीनियर, एमटेक आदि मुनिओं के द्वारा धर्म की प्रत्येक बात को धर्म के साथ विज्ञान की कसौटी पर कसकर समझते है। जैन भूगोल अलौकिक है। धर्म क्या है। धर्म को विज्ञान के माध्यम से कैसे सीखे समझता पड़ेगा। मुनि श्री आगम सागर जी महाराज ने बताया कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने हमें ब्रह्मचारी अवस्था में बताया था कि आगम ग्रंथों मे आया है कि जिनवाणी को बेचा नहीं जाता।

### रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

# आज देश के कोने-कोने में रेल सेवा उपलब्ध : यादव

**गुना, देशबन्धु।** हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जो प्रतिपल देश के विकास के बारे में न केवल सोचते हैं बल्कि उसे क्रियान्वित करके दिखाते हैं। प्रधानमंत्री की सोच का ही परिणाम है कि आज तक एक साथ 508 रेल्वे स्टेशनों का शिलान्यास किया जा रहा है। उक्त उद्गार गुना रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास (शिलान्यास) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप क्षेत्रीय सांसद डॉक्टर केपी यादव ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सांसद डॉ. यादव ने कहा कि यही डबल इंजन सरकार का लाभ है, चारों दिशाओं में विकास की बयार छाई हुई है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सौंदर्यीकरण एवं विकास तथा यात्री सुविधाओं में वृद्धि के कार्य किए जाएंगे।



प्रधानमंत्री जी ने भारतीय रेल को एक नई दिशा प्रदान की है। आज पूरे देश में वंदे भारत एक्सप्रेस हमारे देश की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर पटरी पर दौड़ रही है। इस दौरान सांसद डॉक्टर केपी यादव ने कहा कि हमारे भोपाल मंडल(रेल)में कुल 17 स्टेशनों का चयन किया गया है, जिनमें से कि प्रथम चरण के रूप में आज 10 स्टेशनों पर शिलान्यास का कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा संपादित किया गया। जिसमें संसदीय क्षेत्र के गुना व शिवपुरी रेल्वे स्टेशन का आज शिलान्यास हुआ है। अगले चरण के कार्यक्रम में पूर्व घोषित अशोक नगर रेलवे स्टेशन पर भी कार्य प्रारंभ किया जावेगा।

इस अवसर पर मंचासीन तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय विधायक गोपीलाल जाटव और जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद ने भी कार्यक्रम को कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी नरेन्द्र लोधी, नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन, सांसद प्रतिनिधि रमेश मालवीय, राजू यादव, लक्ष्मण सिंह यादव, सचिन शर्मा, रविन्द्र भट्ट, धर्मेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद श्री यादव कर्नलगंज स्थित प्रधान डाकघर भी पहुंचे। यहां डाकघर का निरीक्षण कर पासपोर्ट की स्थिति जानी। वहीं प्रधान डाकघर में हर घर तिरंगा अभियान में भी भाग लिया। उल्लेखनीय है कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए आम जनता से 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की गई है।

# छोटी कनारी में पुलिस की दबिश, महिलाओं ने लगाए तोड़फोड़ और छेड़छाड़ के आरोप

▶ एसपी को आवेदन देने के बाद हनुमान चौराहे पर लगाया जाम



**गुना, देशबन्धु।** जिले के धरनावदा थानांतर्गत पारदी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम छोटी कनारी में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात दर्जनों वाहनों के साथ पुलिस ने दबिश दी। इस दौरान यहां गांव की महिलाओं ने पुलिस पर अभद्रता, मारपीट एवं तोडफ़ोड़ करने का आरोप लगाया। आधी रात पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक महिलाएं शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। लेकिन यहां समुचित सुनवाई नहीं होते देख महिलाएं हनुमान चौराहे पहुंची और सडक़ के बीचों बीच बैठकर हंगामा करने लगी। हालांकि महिलाओं की संख्या ज्यादा होने के कारण रोड पर चक्काजाम जैसे स्थिति नहीं बनी और वाहन घूमकर जाने लगे। बाद में महिला पुलिस बल द्वारा उन्हें पहले समझाईश फिर बलपूर्वक उठाया गया।

इस संबंध में एसपी को दिए आवेदन में महिलाओं ने बताया कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात लगभग 3ः30 बजे धरनावदा, झागर, रुठियाई, फतेहगढ़, कैंट, राघौगढ़ एवं कोतवाली का पुलिस बल दो दर्जन के करीब गाडिय़ों से छोटी कनारी गांव पहुंचा। शराब के नशे में धुत्त इन पुलिसवालों ने दबिश के नाम पर जमकर घरों में तोडफ़ोड़ की। वहीं महिलाओं और बच्चियों के साथ भी छेडख़ानी की गई। एक महिला को पुलिसकर्मी बाल खींचकर अंधेरे में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा आएं दिन उन पर आतंक बरपाया जाता है और उन्हें उनका अपराध भी नहीं बताया जाता। जो अपराधी हैं उनसे पैसे लेकर उन पर कोई कार्रवाई नहीं करते। यहीं नहीं आरोपी पुलिसकर्मी उनका सीसीटीव्ही कैमरा भी तोडक़र ले गए। महिलाओं के अनुसार उन्होंने इस संबंध में पहले एसपी को आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें चौराहे पर आना पड़ा।

### इनका कहना है

महिलाओं ने जो आरोप लगाए हैं उनकी जांच कराई जाएगी और यदि सत्यता पाई जाती है तो विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**राकेश सिंह सगर,** एसपी गुना

# बमौरी विधानसभा और गुना लोकसभा आदिवासी सीट घोषित हो

▶ विश्व आदिवासी दिवस पर उठी मांग, 25 को कलेक्ट्रेट घेराव होगा



**गुना, देशबन्धु।** रविवार को म्याना के पास आदिवासी गांव नैतलपुर में एकता परिषद गुना द्वारा आयोजित 17 गांवों के आदिवासी गांव की आदिवासी पंचायत को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पुष्पराग एडवोकेट ने कहा कि आदिवासी शब्द के अर्थ से ही स्पष्ट है आदिकाल से निवासी। जब इस धरती पर कोई नहीं था आदिवासी थे। इन्हें वनवासी कहना साजिश है। जिले की बमौरी विधानसभा आदिवासी बाहुल्य है, इसे आदिवासी सीट घोषित न करना आदिवासी समुदाय के साथ धोखा है। गुना लोकसभा सीट भी आदिवासी रिजर्व सीट घोषित हो। इस दौरान नारा लगाया कि सरकार देश की चालक है, आदिवासी देश का मालिक है।

श्रमिक नेता नरेन्द्र भदौरिया ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस एक ऐसा मौका है जब समस्त विश्व आदिवासी समुदाय को उनकी संस्कृति, परंपराएँ और सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान करने का अवसर मिलता है। यह दिवस भारतीय आदिवासियों को उनके संघर्षों और मुश्किलाओं को समझने का मौका भी प्रदान करता है। भारत एक विविध भूभाग है जिसमें अनेक आदिवासी समुदाय निवास करते हैं। इन समुदायों को उनकी ज़मीन, वन, और अन्य प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े अधिकारों की चिंता है, जिन्हें अक्सर उन्हें छीना जा रहा है। वे आज भी आर्थिक और सामाजिक असमानता के सामने लड़ रहे हैं।

वहीं राकेश मिश्रा ने कहा कि इन आदिवासी समुदायों का मुख्य जीवन-ध्येय वनों से अपने आजीविका कमाने में है। यहां, वन्यजीवन उनके लिए जीवनशैली का एक अभिन्न अंग बना हुआ है। लेकिन अन्यायपूर्ण वन व्यवस्था, वन उत्पादों की विपणन और जमीन के लिए लड़ाई उन्हें उनके पारंपरिक जीवनशैली से दूर कर रही है। इन समुदायों को एक और समस्या है सामाजिक बदलाव का दबाव।

उन्हें धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से उनके संप्रदायों के लोकगीत, नृत्य, और अन्य परंपराएँ भी संभालने में मुश्किल होती है। वे अपनी परंपराओं को जीवंत रखने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन तकनीकी विकास और समाज की विभिन्न प्रवृत्तियों के चलते यह संघर्ष काफी कठिन है। इस अवसर पर राजाराम आदिवासी ने कहा कि आदिवासी समुदायों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, और अधिकारों तक पहुंचने में भी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वे सरकारी योजनाओं और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लाभार्थी बनने के लिए संघर्ष करते हैं और कई बार उन्हें ये योजनाएं पूरी तरह से नहीं मिल पाती हैं।

कार्यक्रम में एकता परिषद के गुना जिला संयोजक सूरज सहरिया ने कहा कि आदिवासी समुदायों की संस्कृति, भाषा, और परंपराएँ का सम्मान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आदिवासी समुदायों को उनके स्वतंत्रता, अधिकारों, और विकास के लिए समान अवसर मिलना चाहिए। हमें उन्हें समाज में इंटीग्रेट करने के लिए सक्रिय रूप से काम करना होगा। आदिवासी समुदायों को अधिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रोग्रामों को प्रोत्साहित करना ज़रूरी है। आदिवासी समाज पंचायत में 17 गांवों के लोग शामिल रहे।

# आरक्षक ने की पत्नी के साथ मारपीट

▶ अस्पताल में जारी है उपचार



**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत पुलिस लाईन में एक आरक्षक पति ने अपनी पत्नी के साथ घरेलू विवाद में जमकर मारपीट की। जिसे उसके मायके वालों ने घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है। आरोपी पति पुलिस में आरक्षक के पद पर है, जो मधुसूदनगढ़ थाने में पदस्थ है। पीड़ित पत्नी जयश्री सेन ने बताया कि उसका पति आएं दिन उसके साथ मारपीट करते हैं।

आज जब मैंने उसने दूध वाले के हिसाब के पैसे मांगे तो दो दिन के ज्यादा पैसे पर उन्होंने मेरे साथ जमकर मारपीट की। मेरे बाल खींचकर सडक़ पर लाकर मारपीट की। घायल महिला ने अपनी नंद पर भी आरोप लगाया। वहीं आरोपी आरक्षक गोविंद सेन पर मधुसूदनढ़ में किसी महिला को रखने का आरोप लगाया। जिसके चलते आरोपी आरक्षक पत्नी को आएं दिन प्रताड़ित करता है। महिला के अनुसार उनका पति मधुसूदनगढ़ थाने में पदस्थ है और अधिकांश समय वहीं उसी महिला के साथ रहता है। मारपीट के बाद महिला अपने भाईयों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। यहां से उन्हें महिला थाने भेज दिया गया।

# महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा का श्रीगणेश आज से

**सीहोर, देशबन्धु।** शहर से पहली बार गाय, गांव, गरीब की सेवा और जनकल्याण की मंगल कामना क्षेत्र की खुशहाली को लेकर महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा सोमवार से महाकाल उज्जैन प्रारंभ होगी। यात्रा शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से सुबह आठ बजे आरंभ होगी जो शुगर फैक्ट्री माता मंदिर, त्यागी बाबा आश्रम, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कालका मंदिर पान चौराहा, छावनी स्थित सब्जी मंडी श्री सिद्ध हनुमान मंदिर, चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, मनकामेश्वर महादेव मंदिर, गंगेश्वर महादेव मंदिर नदी चौराहा, कुबेरेश्वर महादेव मंदि, जताखेड़ा, अमलाहा और कोठरी के पश्चात देवास में माता तुलजा भवानी के दर्शन आदि होते हुए उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में शहर सहित आस-पास के शिव भक्त शामिल होंगे।

सोमवार को सुबह आठ बजे रूद्राभिषेक पूजा के साथ शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर से यात्रा आरंभ होगी। यह यात्रा 13 अगस्त को सीवन और पार्वती के जल से भगवान महाकाल के अभिषेक के साथ उज्जैन में संपन्न होगी। यह यात्रा आगामी सात अगस्त से भगवान गणेश मंदिर, जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ कोठरी, आष्टा, जावर, देवास से होते हुए 13 अगस्त को उज्जैन पहुंच जाएगी।

महाकाल मंदिर में ध्वजारोहण, सहस्त्रधारा महारूद्राभिषेक, महाआरती के साथ प्रसादी का वितरण होगा। पदयात्रा का आयोजन युवा समाजसेवी आशीष गेहलोत, करणी सेना के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर सहित अन्य के द्वारा की जाएगी। सात दिवसीय पदयात्रा का उद्देश्य जनकल्याण की भावना, क्षेत्र में समृद्धि, खुशहाली रहे और अच्छी बारिश के अलावा नवीन फसल की अच्छी कामना को लेकर की जा रही है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री गेहलोत ने बताया कि जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर और प्रसिद्ध गणेश मंदिर देश के श्रद्धालुओं में प्रसिद्ध है, इसलिए इन मंदिरों से पदयात्रा का श्रीगणेश किया जा रहा है। सात अगस्त को अधिक मास का सोमवार है सुबह विशेष पूजा अर्चना और अभिषेक के साथ यात्रा करीब 160 किलोमीटर पदयात्रा करेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कर रहे ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा



**सीहोर, देशबन्धु।** भाजपा नेता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करके ग्रामीणों की चौपाल लगा रहे हैं तो वहीं उनकी जय-जयकार भी हो रही है। वे लगातार सीहोर विधानसभा क्षेत्र के दौरा करके वहां पर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं तो वही उन समस्याओं के निराकरण को लेकर अधिकारियों से फोन पर बात करके उनकी समस्याओं का निराकरण करा रहे हैं। रविवार को उन्होंने सीहोर विधानसभा के ग्राम खाईखेड़ा चौकी, बरखेड़ा, सोनकच्छ, जमुनिया खुर्द, झड़खेड़ा, खंडवा, कादमपुर, चांदवड, निपानिया कला, शेखपुरा, सेमरादांगी, डोकरा, मुंगावली, रायपुरा, दीपडा राजू, खेड़ी, सेमली, बिजोरी पाठन सहित कई अन्य गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों से चर्चा की। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनभर ग्रामीण छेत्र के दौरे पर रहे और लोगों के बीच पहुंचे। इस दौरान उनका जगह-जगह फूलमाला पहनाकर, तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की डबल इंजन की सरकार देश, प्रदेश के विकास में लगी हुई है। सीहोर विधानसभा में भी अब विकास कार्यों को गति देना है, इसके लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए योजनाएं चला रही है। सभी की जिदंगी खुशहाल करने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

# महापंचायत को सफल बनाने खनूजा ने की अपील



**सीहोर, देशबन्धु।** कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह खनूजा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कॉंग्रेस के तत्वाधान में कल दिनांक 8 अगस्त, 2023 को दोपहर 1 बजे से हिन्दी भवन, पॉलिटेक्नीक चौराहा, श्यामला हिल्स, भोपाल में मध्य प्रदेश की सभी जिला स्तरीय परिवहन उद्योग से जुड़ी संस्थाओं की महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। तत्पश्चात सांय 4 से 4ः40 बजे तक पत्रकार वार्ता की जावेगी। जिसमें अवैध सीमा चौकियों के विरोध में परिवहन समुदाय द्वारा प्रदेश में होने वाले संभावित आंदोलन की रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा।

उक्त महापंचायत में आल इंडिया आर.टी.ओ समिति के चैयरमेन सी.एल.मुकाती, पूर्व उपाध्यक्ष एआइएमटीसी विजय कालरा, एआइएमटीसी कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र त्रेहन सहित परिवहन बिरादरी के वरिष्ठ नेतागणों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

इस परिवहन महापंचायत में देश भर से परिवहन बिरादरी के वरिष्ठ नेतागणों के साथ ही लगभग 1000 परिवहन व्यवसायी भी इस महापंचायत में शिरकत कर रहे हैं। सीहोर जिले के सभी परिवहन ट्रांसपोटर्स से अपील है कि उक्त महापंचायत अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होवें। अपील करने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह खनूजा, गणेश जाट, राजेंद्र वर्मा, कैलाश जाट, कपिल शर्मा, संजय वर्मा साजिद अंसारी आदि शामिल है।

# चुनाव में 2 सौ पर का लक्ष्य : इंजीनियर

**आष्टा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।इस सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवम भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में बुथ विजय संकल्प अभियान के माध्यम से जन जाग्रति कर लोगो को भाजपा रीत नीति से अवगत कराएं।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर पूर्व जिला अध्यक्ष सीताराम यादव विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय जिला महामंत्री धारा सिंह पटेल जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान अनोखीलाल खंडेलवाल, जगदीश पटेल,कल्याण सिंह, ओम पटेल, बाबू लाल पटेल, कैलाश पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष रायसिंह मेवाडा, कृपाल सिंह पटारा,नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील परमार, मैना मंडल अध्यक्ष भगवान सिंह पटेल, सिध्धिकगंज प्रताप जाट जावर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र केशव, सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवम् कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्वस्थ परिवार ही व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी

**आष्टा, देशबन्धु।** ग्राम मेहतवाड़ा में 2 करोड़ 95 लाख 45 हजार रुपए के नवीन प्रथामिक स्वास्थ केन्द्र के भवन निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे इसी क्रम में गोपाल सिंह इंजीनियर अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि मेहतवाड़ा एवम अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो की महत्त्वपूर्ण जरूरत से एक नवीन प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र जिसमें 2 डाक्टर सहित स्टाप रहेगा अपनी मूल भूत आवश्यकताओं में स्वस्थ जीवन सबसे जरूरी हैं।

### कवियत्री अंजुम रहबर ने ली कांग्रेस की सदस्यता

# सिर्फ वादों से पेट भरता नहीं...रोजी रोटी हमारा मुद्दा है - अंजुम

*__गुना, देशबन्धु।__ विश्व भर में अपनी पहचान रखने वाली तथा विभिन्न देशों में अपनी शायरी से देश का नाम रोशन करने वाली गुना की बेटी तथा भारत की सुविख्यात कवियत्री अंजुम रहबर ने आज कांग्रेस की सदस्यता हासिल कर कांग्रेस में राजनीतिक पारी की शुरूआत का आगाज कर दिया। उनके इस कदम से राजनीतिक हलकों में चर्चाए शुरू हो गई। अंजुम रविवार को अचानक भोपाल स्थित कमलनाथ के निवास पर पहुंची थीं। कुछ ही देर में गले में कांग्रेस का गमछा डाले उनका प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के साथ फोटो वायरल हो गया।*

*अंजुम रहबर दरअसल गुना की बेटी हैं इसलिये गुना शहर में इसकी क्रिया-प्रतिक्रिया होना लाजमी हैं। गुना के प्रसिद्ध आयुर्वेद डॉक्टर तथा साहित्य जगत में मशहूर अदीब हस्ती डॉ एमएच रहबर के यहां जन्मी अंजुम रहबर का रूझान बचपन से ही पिता की तरह शायरी में रहा। मात्र 14 वर्ष की आयु में अंजुम ने गुना के अदबी बज्म द्वारा आयोजित मुशायरों में स्टेज से अपनी प्रस्तुति देना आरंभ कर दिया था। अगले 10 सालों में अंजुम रहबर की शायरी पिता की रहनुमाई में खासी मंझ चुकी थी। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले मुशायरों में राहत इंदौरी भी लगातार गुना आते रहते थे उस समय राहत इंदौरी की शायरी में भी धीरे धीरे निखार आता जा रहा था। गुना में लगातार आने के कारण राहत इंदौरी की अंजुम रहबर से शायरी सहित दुनिया जहान के विषयों पर चर्चाएं होती रहती थीं। दोनों के विचार मेल खाते थे इसलिये अंजुम रहबर ने राहत इंदौरी के साथ विवाह कर लिया। अंजुम के पुत्र समीर राहत इन दिनों मुंबई में गीतकार तथा म्यूजिक डायरेक्टर के रूप में कार्य कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म फराज में दिये गये उनके संगीत तथा सोनू निगम पर फिल्माए गाए सुपरहिट वीडियो एल्बम कैसी बातें करते हो में उनके द्वारा लिखित गीत से वे मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में अपना अच्छा मुकाम बना चुके हैं।*



*अंजुम रहबर वर्ष 2000 के नगरपालिका चुनावों में गृह निवास गुना क्षेत्र के वार्ड 9 से चुनाव लडक़र गुना नगरपालिका में पार्षद रह चुकी हैं। इन चुनावों में उस समय भाजपा के नेतृत्व वाली नगरपालिका का शासन रहा था। फिलहाल उनके इस ताजा घटनाक्रम के बाद गुना विधानसभा सीट से एक और कांग्रेस उम्मीदवार बढ़ गया है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट कहा है कि मैं किसी शर्त या टिकट की उम्मीद से कांग्रेस में नहीं आई हूं। ना ही कमलनाथ से इस संबंध में कोई चर्चा हुई। अंजुम ने कहा है कि कांग्रेस नेतृत्व जो आदेश करेगा उसे पूरा करने की कोशिश करूंगी।*

*गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय कवियत्री के कांग्रेस में शामिल होने पर प्रसन्नता जाहिर की है। अंजुम रहबर ने कांग्रेस में आने के पश्चात ऐलान करते हुए शायराना अंदाज में कहा बिजली पानी हमारा मुद्दा है, खेती बाडी हमारा मुद्दा है, सिर्फ वादों से पेट भरता नहीं, रोजी रोटी हमारा मुद्दा है।*

*उन्होंने ऐलान करते हुए कहा कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह तथा जयवर्धन सिंह जो कांग्रेस पार्टी के बैनर तले देश वासियों के हक में सच्ची लड़ाई लड़ रहे हैं उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश हित में कार्य करती रहूंगी।*

# राजधानी

## सार समाचार

### हाथ ठेला पर खाद्य सामग्री बेचने वालो को दिया प्रशिक्षण



**भोपाल, देशबन्धु।** हाथ ठेला पर खाद्य सामग्री बेचने वालो को खाद्य सुरक्षा के प्रावधानों से अवगत कराने के लिये नेस्ले इंडिया के सौजन्य से गाँधी भवन, पॉलीटेक्निक चौराहा में स्वच्छता बनाए रखने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भोजराज सिंह धाकड़ और जगदीश विश्वकर्मा द्वारा चलित ठेलों में स्वच्छता रखने के साथ – साथ व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान देने के महत्व पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में विशेषत: बोट क्लब रोड पर खाद्य कारोबार संचालित करने वाले कारीबरियों को शामिल किया गया। नेस्ले इंडिया द्वारा अब तक कुल 120 खाद्य कारीबरियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### बिट्स के पूर्व छात्रों ने स्थापना दिवस मनाया



**भोपाल, देशबन्धु।** बिट्स पिलानी, गोवा ओर हैदराबाद के 1967 से 2022 बैच के पूर्व छात्रों ने कार्यक्रम आयोजित कर बिट्स दिवस मनाया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र उद्योगपति सुनील भार्गव, सनत गंगवाल एवम् ओम्स कंसल्टेंट के संचालक श्रीकांत फाटक ने नई पीढ़ी के उद्यमी को अपने अनुभव सुनाए नए पास आउट छात्रों ने भावी रोजगार ओर संभावना पर विमर्श किया। कार्यक्रम का संचालन सुमित सिंग छाबरा ने किया ।

### नि :शुल्क भगवा झण्डा वितरण आज से

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि 7 से 14 तक तुलसी के साथ–साथ नि:शुल्क भगवा झण्डा भेंट किये जाएगे। समिति के अर्चक पुरोहित पं0 राज कुमार गर्ग ने बताया कि घर के उपर झण्डे लगाने के तीन फायदे है। पहला घर पर किसी की बुरी नजर नहीं लगेगी, दूसरा जो भी घर के पास से निकलेगा वह समझ जाएगा यह सनातनी हिन्दू का घर है, तीसरा जब भी कोई घर से निकलेगा वह राम–राम जरुर करेगा। इसलिए हर घर में छत के उपर झण्डा जरुर लगाए। महासचिव राजेश केवलानी ने बताया कि जिस किसी को भी झण्डा चाहिए वो हमसे सम्पर्क कर सकते है।

# एनआइए ने भोपाल में 10 ठिकानों पर की कार्रवाई, 11 हिरासत में

## पूछताछ के बाद महिला समेत 6 को छोड़ा

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआइए) ने रविवार तड़के राजधानी भोपला के पुराने और नए शहर के करीब 10 स्थानों पर छापामारी की। इस दौरान एक शासकीय अधिकारी समेत करीब 11 लोगों को हिरासत में लेने की बात सामने आई है। इनमें तीन व्यक्ति आपस में रिश्तेदार हैं, जिनमें एक महिला, उसका देवर और जीजा शामिल है। इन्हें जहांगीराबाद इलाके से हिरासत में लिया गया। हालांकि 11 घंटे की पूछताछ के बाद महिला समेत 6 लोगों को छोड़ दिया गया। इस छापामार कार्रवाई को टेरर फंडिंग मामले में छत्तीसगढ़ में हुई गिरफ्तारी से जोड़कर देखा जा रहा है। फिलहाल एनआइए ने प्रदेश की सुरक्षा एजेंसियों को इस कार्रवाई को लेकर किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक एनआइए की टीम ने रायपुर (छग) से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ में भोपाल में कुछ लोगों के देश–विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की जानकारी मिली थी। उस व्यक्ति को रिमांड पर लेकर एनआइए की टीम रविवार तड़के गुपचुप तरीके से भोपाल पहुंची और शहर के टीलाजमालपुरा, कोतवाली, शाहजहांनाबाद, अशोका गार्डन, ऐशबाग और जहांगीराबाद में छापामारी की। इस दौरान एक शासकीय अधिकारी समेत करीब 11 लोगों को हिरासत में लेने की बात सामने आई है। जहांगीराबाद इलाके के एक मकान से एक महिला समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह आपस में रिश्तेदार हैं। इनमें समीना, उसका देवर शोएब और जीजा मुजाहिद शामिल है। एनआइए टीम उक्त तीनों सहित हिरासत में लिए गए सभी 11 लोागें को अज्ञात स्थान पर ले गई , जहां11 घंटे की पूछताछ के बाद समीना और उसके शोएब समेत 6 लोगों को को छोड़ दिया गया। वहीं मुजाहिद और बाकी लोगों से टीम की पूछताछ के बाद उनकी बातों को सत्यापित किया जा रहा है। बताया जाता है कि समीना नाम की जिस महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है, वह दवा का कारोबार करती है और यहां फिल्म अभिनेता रजा मुराद के दामाद के छोटे भाई के मकान में किराये से रहती थी।



सूत्रों के मुताबिक इस कार्रवाई में रायपुर और दिल्ली की एनआइए की टीम शामिल बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान एनआइए की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद नहीं ली। आला पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस बार एनआइए ने कार्रवाई की जानकारी साझा नहीं की है। उनकी टीम ने ही कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि यह छापामारी कार्रवाई भोपाल हिज्ब–उत–तहरीर (एचयूटी) की टेरर फडिंग को लेकर की गई हैं।

# किशोर समेत 3 लोग फांसी के फंदे पर झूले

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के तीन अलग–अलग थाना क्षेत्रों में एक किशोर समेत तीन लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने तीनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

खजूरी सड़क पुलिस के मुताबिक कुलदीप अहिरवार पुत्र ओमप्रकाश अहिरवार उम्र 16 वर्ष ग्राम बरखेड़ा सालम में रहता था। शनिवार दोपहर जब परिवार के सदस्य घर के बाहर गए हुए थे, तभी किशोर ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बताया जाता है कि किशोर कुछ समय से किसी बात को लेकर तनाव में चल रहा था। इसलिए पुलिस अब उसके मोबाइल की जानकारी खंगालेगी, जिससे पूरे मामले का खुलासा हो सके। मिसरोद पुलिस ने बताया कि 25 वर्षीय ज्योति प्रजापति पत्नी बाबूलाल संजय नगर जाटखेड़ी में रहती थी। शनिवार दोपहर महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कोई पत्र नहीं मिलने से कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भेज दिया। उधर कटारा हिल्स के भगवति नगर में रहने वाले 25 वर्षीय राजेंद्र भी फांसी के फंदे पर झूल गया। इसके पास से भी पुलिस को कोई पत्र नहीं मिला है। बताया जाता है कि तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया है। अब पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नामावली का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर को होगा: कलेक्टर

**भोपाल, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 29 सितम्बर तक चलेगा। नामावली का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर को होगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में स्टेडिंग कमेटी की बैठक गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि एकजाई प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 2 अगस्त को हो गया है। 31 अगस्त तक दावे–आपत्ति दर्ज कराई जायेंगी। विशेष कैम्पों का आयोजन 12,13,19 और 20 अगस्त को होगा। 22 सितम्बर को दावे–आपत्तियों का निराकरण एवं 4 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। इस प्रकाशन पर ही आगामी विधानसभा निर्वाचन होंगे। कलेक्टर ने कहा कि 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे मतदाता के नाम अवश्य जुड़ना चाहिये। किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिये।

कलेक्टर ने बताया कि जनवरी 2023 की स्थिति में भोपाल जिले में कुल 20 लाख 8 हजार 570 मतदाता है। इनमें बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 35 हजार 446, भोपाल उत्तर में 2 लाख 38 हजार 444,नरेला में 3 लाख 37 हजार 394, भोपाल दक्षिण–पश्चिम में 2 लाख 26 हजार 863,भोपाल मध्य में 2 लाख 39 हजार 925, गोविन्दपूरा विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 78 हजार 881 मतदाता और हुजूर विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 51 हजार 617 मतदाता है। कलेक्टर ने बताया कि जिले की 7 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 2034 मतदान केन्द्र बनाये गये है । जिसमें बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में 270,भोपाल उत्तर में 246,नरेला में 330,भोपाल दक्षिण पश्चिम में 233, भोपाल मध्य में 243,गोविन्दपुरा विधानसभा में 369 और हुजूर विधानसभा क्षेत्र में 343 मतदान केन्द्र है। बैठक में जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफीसर एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### आओ मतदाता बनें अभियान शुरु

उधर संत हिरदाराम नगर के संस्कार पब्लिक स्कूल में आओ मतदाता बनें अभियान का शुभारंभ कलेक्टर आशीष सिंह ने किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि यह पहल बहुत सराहनीय है। लोकतंत्र में वोट देना बहुत महत्वपूर्ण है, इसके लिए मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाकर मताधिकार प्राप्त करें । इस अवसर पर मध्य प्रदेश आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, शहीद हेमू कॉलोनी शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी एवं एसी साधवानी सहित संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी, एसडीएम आशुतोष मिश्रा, आदित्य जैन बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# अब हमीदिया अस्पताल से गुम हुआ भर्ती मरीज

## *परिजन बोले प्रबंधन नहीं कर रहा मदद*



*__भोपाल, देशबन्धु।__ हमीदिया अस्पताल में भर्ती किया गया एक मरीज गुम हो गया है। परिजन दो दिन से उन्हें पूरे अस्पताल परिसर में खोज रहे हैं। तमाम विभागों के उन सभी वार्डों में एक–एक पलंग पर जाकर देखा जहां उनके होने की उम्मीद थी। लेकिन, मरीज का कहीं कोई पता ही नहीं लग पा रहा है। परिजनों की परेशानी यह है कि अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई मदद नहीं की जा रही है। नका कहना है कि यदि सीसीटीवी कैमरे देखे जाएं तो मरीज का कुछ सुराग लग सकता है, लेकिन बार बार मिन्नतें करने के बाद भी कोई जिम्मेदार मदद करने को तैयार ही नहीं है।*

*प्राप्त जानकारी के अनुसार, कमला नगर इलाके में रहने वाले 38 वर्षीय पप्पू ठाकुर को करीब सात दिन पहले किसी ने हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था। बोलने–सुनने में असमर्थ पप्पू को यहां वार्ड क्रमांक सात में भर्ती रखा गया था। लेकिन, उनकी पहचान ही नहीं हो पाई थी। ऐसे में सामाजिक कार्यकर्ता ने उसके परिजनों को तलाशने के लिए उनकी तस्वीर तीन अगस्त को इंटरनेट मीडिया पर साझा की थी। इसके बाद शनिवार को पप्पू की पत्नी मालती ठाकुर ने सामाजिक कार्यकर्ता से संपर्क किया। तब उन्हें बताया गया पप्पू ठाकुर हमीदिया अस्पताल के वार्ड क्रमांक सात में भर्ती है। इस पर मालती पति की तलाश में हमीदिया अस्पताल पहुंची, लेकिन पति वहां नहीं मिले। दिनभर पूरे अस्पताल परिसर में पति की तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। इस बीच उन्होंने अस्पताल के जिम्मेदारों से पूछताछ की तो कोई बताने को तैयार नहीं है। परिजन रविवार को भी पप्पू को तलाश करने अस्पताल पहुंचे लेकिन कोई कुछ भी बता ही नहीं रहा है। मालती ने बताया कि उनके पति ने पप्पू ठाकुर 27 जून को बिना बताए घर से गए और लौटकर नहीं आए। 29 जून को इसकी सूचना कमला नगर थाना पुलिस को दी थी। ऐसे में कमला नगर थाने में पप्पू की गुमशुदगी दर्ज है।*

### *इनका कहना है*

*मेरे पति हमीदिया अस्पताल से गायब हुए हैं। सुरक्षा कर्मी ने कहा कि हमारी गाड़ी बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन छोड़ने जाती है, वहां जाकर देखो। वहां भी तलाशा लेकिन कुछ पता नहीं चला। अस्पताल वाले सीसीटीवी कैमरे नहीं दिखा रहे, उससे पता चल सकता है।*

*__मालती ठाकुर__, गुम हुए मरीज की पत्नी*

*मरीज कई बार बिना बताएं अस्पताल से बाहर चले जाते हैं। उनको लामा कर दिया जाता है, लेकिन इस मामले में जानकारी नहीं है। मरीज के परिजनों की हर संभव मदद करेंगे।*

*__डा. आशीष गोहिया,__ अधीक्षक हमीदिया अस्पताल*

# नुक्कड़ नाटक से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



**भोपाल, देशबन्धु।** सफर में भले ही देर हो जाए मगर हेलमेट जरूरी है, दुर्घटना से देर भली, वाहन की गति हमेशा कम रखें और शराब पीकर कभी गाड़ी नहीं चलाएं, यह संदेश रविवार को डीबी मॉल में नुक्कड़ नाटक में देखने को मिले। मौका था इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन मध्य प्रदेश चैप्टर और भोपाल ऑर्थोपेडिक सर्जन सोसाइटी की और से बोर्न एंड ज्वाइंट वीक का। इस दौरान गांधी मेडिकल कालेज (जीएमसी) के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक पेश किया। इसमें 29 कलाकरों ने भाग लिया और बताया कि किस तरह से वह हादसों से बचें और हादसे होने के बाद वह थोड़ी सी सूझबूझ से किसी की जिंदगी बच सकते हैं। इस मौके पर यहां मौजूद जीएमसी अस्थि रोग विभाग के प्रधायपक डॉ.सुनीत टंडन ने बताया कि हमने सड़क सुरक्षा के संबंध में दो तरह से लोगों को संदेश दिया। इसमें हमने बताया कि अगर कोई हादसा हो जाए तो हम किसी आम आदमी को थोड़ी सी शिक्षा देकर मदद आने से पहले वह किस तरह से मदद कर सकता है। इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। इसके अलावा बोर्न एंड ज्वाइंट वीक के अंतर्गत मजबूत हड्डी मजबूत देश का संदेश दिया है। इसके अलावा हमने यहां आने वाले कई लोगों का हड्डी की जांच भी की गई। जिसकी रिपोर्ट भी उन्हें दी गई है।

# मित्रता पर किशोर कुमार के गीतों की पेशकश



**भोपाल, देशबन्धु।** मुस्कान संगीत समूह ने मध्यप्रदेश में जन्मे लोकप्रिय गायक और अभिनेता किशोर कुमार की जयंती और मित्रता दिवस के अवसर पर आज गीत–संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भोपाल और इंदौर के शौकिया गायकों और स्टार मेकर सिंगर्स ने गीत सुनाए। कार्यक्रम की शुरूआत ये दोस्ती हम नहीं तोडेंगे... से हुई। इसके बाद दिए जलते हैं फूल खिलते हैं, मगर बड़ी मुश्किल से दुनिया में दोस्त मिलते हैं...., सलामत रहे दोस्ताना हमारा...., तेरे जैसा यार कहां.... गीत सुनाए गए। इंदौर से आए गायक चारू दत्ता ने किशोर कुमार के अंदाज में धीरे से आना खटियन में...गाकर सुनाया। भोपाल के गायकों में मोहन बेलानी, मोना सक्सेना, सुमन सेंगर, शक्ति खरे, बेबी सिद्धि, प्रतिभा अग्रवाल और अन्य ने गीत सुनाए। कार्यक्रम के प्रारंभ में किशोर कुमार के अभिनय और गायन पर अशोक मनवानी ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर कई संगीत प्रेमी उपस्थित थे।

## सृजन समूह के कार्यक्रमों का सातवां समूह समाप्त

# बच्चे बनेंगे समाज का सुरक्षा कवच : पुलिस आयुक्त

**भोपाल, देशबन्धु।** सृजन समूह के कार्यक्रमों का सातवां समूह समाप्त होने पर ऐशबाग क्षेत्र की बालिकाओं ने सशक्तीकरण का संदेश देते हुए एक रंगारंग कार्यक्रम पुलिस आयुक्त कार्यालय के प्रांगण में प्रस्तुत किया। मौका था बालिका सशक्तिकरण समूहों के 15 दिवस प्रशिक्षण की अवधि पूर्ण होने का। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को कानूनी ज्ञान, अधिकारों की जानकारी दी तथा केरियर डेवलपमेंट के बारे मे भी बताया गया

पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहकर बालिकाओं की प्रस्तुति देखी एवं उनका हौसला अफजाई की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि सृजन में सम्मिलित सभी बालक बालिकाएं अपने मोहल्लों, बस्तियों एवं समाज का सुरक्षा कवच बनेंगे। बच्चों में जिस प्रकार से जागरुकता एवं उत्साहित हैं, इससे वे अपने बेहतर भविष्य के निर्माण मे सफल हो सकते हैं। पुलिस आयुक्त श्री मिश्र ने इस अवसर पर प्रशिक्षण देने वाले पुलिस कर्मियों को तथा एनजीओ के सदस्यों को पुरस्कृत भी किया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय विनीत कपूर एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्रीमती रिचा चौबे, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महावीर सिंह मुजालदे तथा ऐशबाग क्षेत्र से सृजन बालिका समूह की बालिकाएं तथा उनके अभिभावक तथा छोला मंदिर बस्ती की बालिका तथा उनके अभिभावक उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर अयोजित



**भोपाल, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल ओर ट्रिनिटी मल्टी स्पेशियल्टी हॉस्पिटल ने बाबा नगर आंगनबाड़ी केंद्र शाहपुरा में निशुल्क चिक्तिसा जांच शिविर आयोजित किया, जिसमें साठ से अधिक रहवासियों ने परीक्षण कराया। मरीजो को आंख की और अन्य दवाई निशुल्क दी गई। वहीं जो मरीज गंभीर रोग से ग्रस्त होंगे उनको रेफर भी किया जायेगा । इस शिविर में डॉ अंकिता पाटीदार, डॉ रजनी, नर्स सपना ने सहयोग किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय दुबे ने टीएमएस हॉस्पिटल के मेडिकल स्टाफ को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर क्लब के सचिव प्रखर तिवारी ,डॉ पी के भागवत , श्रीकांत फाटक, कुमुद तिवारी, जी के छिब्बर, धीरन दत्ता भी उपस्यित थे।

# मिशन इंद्रधनुष अभियान आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** भारत सरकार के निर्देश अनुसार जिले में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 7 अगस्त से प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान के तहत टीकाकरण से वंचित एवं छूटे हुए 5 वर्ष तक के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का हैड काउंट सर्वे करवाकर उन्हें टीकाकृत किया जाएगा।

मिशन इंद्रधनुष अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण 07 से 12 अगस्त तक, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर तक, तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत टीकाकृत किये गये बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के कवरेज का इन्द्राज किया जायेगा। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से लाभार्थी गर्भवती महिला व बच्चों के टीके देश के किसी भी कोने में लगाये जा सकते हैं, जिसका रिकॉर्ड सॉफ्टवेयर में स्वत: हो जाएगा।

# उप्र और उत्तराखंड बेसबॉल फेडरेशन कप के फाइनल में



**भोपाल, देशबन्धु।** बेसबाल साफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में एलएनसीटी एवं जेएनसिटी भोपाल खेल मैदान में खेली जा रही बीएसएफआई बेसबॉल फेडरेशन कप तीसरे दिन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड ने शानदार जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया।

पहले सेमीफाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 6 – 3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया एवं दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में उत्तराखंड ने पंजाब को 8 – 1 से हराकर खताबी मुकाबले में प्रवेश किया। इससे पहले पहले क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ को 9–0 से, पंजाब ने आंध्र प्रदेश को 5–3 से, तीसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड ने मेजबान मध्य प्रदेश को 3–2 से तथा चौथे क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ ने दिल्ली को 1– 0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। प्रतियोगिता से पूर्व सभी खिलाड़ियों से मध्य प्रदेश बेसबॉल सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनुपम चौकसे द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी।


G20 | उत्तर रेलवे | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत की राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण और स्थान | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन ट्रैक मशीन अनुरक्षण डिपो तुगलकाबाद, कुरुक्षेत्र, लखनऊ, भटिंडा और मुरादाबाद एवं कार्यस्थल पर ट्रैक मशीन खराबी के दौरान क्रिम्पड फिटिंग हाइड्रॉलिक होज की सप्लाई और फिक्सिंग (इच्छित लम्बाई में) |
| 2. | कार्य समाप्त अवधि | 02 वर्ष |
| 3. | अनुमानित लागत | ₹ 83.79 लाख केवल |
| 4. | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 1,67,600/- |
| 5. | निविदा पत्र का मुल्य (ऑनलाइन जमा) | रू.– शून्य। |
| 6. | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 07.08.2023 से दिनांक 31.08.2023 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 31.08.2023 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 17.08.2023 से दिनांक 31.08.2023 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

प. सं.– 1–डब्ल्यू–उ.मु.अभि.–टी.एम.सी.–ला.–एच.एच–10–23–24 दिनांक– 05.08.2023 2431/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भोपाल, सोमवार 7 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल को रोकने की शर्मनाक हठ

गुजरात की निचली कोर्ट एवं हाईकोर्ट द्वारा एक अवमानना मामले में राहुल गांधी को सुनाई गई सज़ा पर चाहे देश की सबसे बड़ी अदालत ने रोक लगा दी हो लेकिन लगता है कि उनकी लोकसभा में वापसी आसानी से नहीं होने वाली है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला देकर उनका संसद में लौटने का मार्ग तो प्रशस्त कर दिया, परन्तु लोकसभा के सचिवालय द्वारा जो बर्ताव किया गया है उससे साफ संकेत हैं कि सरकार और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी हरसंभव हथकंडे अपनाएगी कि राहुल संसद में दोबारा न बैठ सकें।

2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कोलार (कर्नाटक) में हुई एक जनसभा में राहुल ने कुछ भगोड़े कारोबारियों पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि इन सबके सरनेम मोदी हैं। गुजरात के एक पूर्णेश मोदी ने यह कहकर उनके ख़िलाफ़ अवमानना की शिकायत दर्ज कर दी कि इससे मोदी सरनेम वाले लोग आहत व अपमानित हुए हैं। महानगरीय दण्डाधिकारी ने इस मामले के पुनर्जीवित होते ही सुनवाई की और राहुल को अवमानना का दोषी पाते हुए उन्हें दो साल की सजा सुना दी। सत्र न्यायालय और फिर गुजरात हाईकोर्ट ने भी राहुल की अपीलों को दरकिनार कर दो साल की सजा बरकरार रखी। पहले प्रार्थी ने इस मामले को स्वयं ही लम्बित कराए रखा था परन्तु जब राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके व्यवसायी मित्र गौतम अदानी के संबंधों पर पहले अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' (कन्याकुमारी से कश्मीर) के दौरान और फिर लोकसभा में सवाल उठाए तो पूर्णेश मोदी ने मामले की पुन: सुनवाई करने का आवेदन प्रस्तुत किया। गुजरात की निचली कोर्ट ने तेज गति सुनवाई करते हुए राहुल को दो साल की सजा सुना दी जो इस अपराध में अधिकतम है। गुजरात की हाईकोर्ट ने भी उतनी ही गति से इस फैसले पर मुहर लगा दी। परिणामस्वरूप व नियमानुसार तत्काल राहुल की सांसदी निलम्बित हो गई। उतनी ही फुर्ती से उनका बंगला छिन लिया गया- बगैर उनका पक्ष सुने। इसके बावजूद राहुल का मोदी सरकार पर आक्रमण जारी रहा। जैसी कि आशंका थी कि राहुल को गुजरात की सीमा में न्याय मिलना मुश्किल है, वैसा ही हुआ; और जैसा कि अनुमान था कि उन्हें न्याय सुप्रीम कोर्ट से ही मिल सकेगा- वह भी वैसा ही हुआ।

दरअसल राहुल की बढ़ती लोकप्रियता और जन समर्थन मोदी व भाजपा के लिए परेशानी बनी हुई है। उनके पैदल मार्च ने राहुल का कद काफी बढ़ा दिया है। मोदी सरकार की नाकामियों, मोदी-अदानी संबंधों, देश में बढ़ते साम्प्रदायिक तनाव और धार्मिक आजादी के हनन जैसे मुद्दों को लेकर राहुल देश-विदेश में पीएम की मुश्किलें बढ़ा चुके हैं।

मोदी की गिरती छवि और राहुल को मिलती नयी पहचान के साथ हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली चुनावी सफलताओं से कांग्रेस का उत्साह बुलन्द है। उसके नेतृत्व में बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इनक्लूज़िव एलाएंस) की सरकार के खिलाफ सामूहिक आक्रामकता संसद के दोनों सदनों में देखने को मिल रही है। मणिपुर हिंसा को रोकने में केन्द्र की नाकामी के मुद्दे पर नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। मेवात (नूंह) में हुई घटनाएं मोदी सरकार की परेशानी में इज़ाफ़ा कर रही हैं। दोनों सदन ठप हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ खुलकर सत्ता पक्ष को बचा रहे हैं।

राहुल के बिना ही लोकसभा में सरकार पस्त है। मोदी व भाजपा की चिंता यह है कि राहुल लौटे तो क्या होगा। करीब चार माह से अधिक समय से वे संसद में नहीं हैं। लौटने पर वे अदानी तक सीमित नहीं रहेंगे। सरकार की सारी नई नाकामियां भी उनके भाषणों में जगह पायेंगी। कहीं अविश्वास प्रस्ताव पर राहुल को बोलने का मौका मिल गया तो मोदी की रही-सही छवि पूर्णत: ध्वस्त हो जायेगी। इस संभावित खतरे से मोदी, उनकी सरकार और लोकसभा अध्यक्ष सभी वाकिफ़ हैं। इसलिये जब शुक्रवार को जो शीर्ष कोर्ट का फैसला राहुल के पक्ष में आया तो उसकी प्रति लेकर विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी देर शाम तक भटकते रहे। सचिवालय में कोई लेने के लिए राजी नहीं था। शनिवार को छुट्टी होना बतलाया गया और कहा गया कि अब वे आदेश की प्रति लेकर सोमवार को मिलें। हालांकि चौधरी अध्यक्ष कार्यालय में प्रति देने में कामयाब तो रहे परन्तु पावती पर कार्यालय की मुहर नहीं लगाई गई। साफ है कि सरकार राहुल के संसद प्रवेश को रोकने के लिए सारी हदें पार कर सकती है। 8 व 9 अगस्त को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। देखना होगा कि राहुल को इसमें भाग लेने का मौका मिलता है या नहीं। 11 को तो सत्रावसान होना ही है, पर कहीं राहुल से बचने के लिये पहले ही ऐसा न हो जाये।

लोग ओम बिरला की वही तत्परता राहुल की संसद बहाली के मामले में भी देखना चाहते हैं जैसी उन्होंने कोर्ट का आदेश आते ही राहुल को निलम्बित करने में दिखलाई थी। महीने भर का नोटिस देकर बंगला भी खाली करा लिया था। उधर इटावा के सांसद व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामशंकर कठेरिया को शनिवार को आगरा की एक कोर्ट ने एक मॉल में तोड़-फोड़ व मार-पीट करने के मामले में दो साल कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में भी अध्यक्ष महोदय की तत्परता देखने को लोग उत्सुक हैं। जो हो, राहुल को सदन में प्रवेश से रोकने की हठधर्मिता अनैतिक व अलोकतांत्रिक तो है ही, कानून के प्रति असम्मान भी। भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय के उस ट्वीट पर भी गौर करना होगा जिसमें उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के संदर्भ में कहा है कि 'बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी?' उनका इशारा राहुल के खिलाफ जारी अन्य मामलों की ओर है।

# लोकसभा की विश्वनीयता का सवाल

सूरत से दिल्ली की दूरी 1200 किलोमीटर है। वहां की सीजेएम अदालत का फैसला 168 पेज का था और गुजराती में। मगर 24 घंटे में लोकसभा सचिवालय ने उसे मंगा लिया। अंग्रेजी में अनूदित करवा लिया और राहुल की सदस्यता खत्म कर दी।

मगर संसद से 2 किलोमीटर की दूरी से भी कम सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कब तक फैसला होगा यह किसी को नहीं पता। यहां तो आदेश भी अंग्रेजी में है और बहुत छोटा सा। मगर उस पर अमल बड़ा राजनीतिक फैसला लग रहा है। मोदी सरकार के पास बड़ा बहुमत है मगर सरकार जिस तरह घबराई हुई है कि अगर कहीं मंगलवार से शुरु होने वाली अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा में राहुल बोल गए तो पता नहीं क्या हो जाएगा? सरकार तो नहीं जाएगी मगर सरकार की मुसीबतें जरूर शुरु हो सकती हैं।

राहुल अविश्वास प्रस्ताव पर बोल पाएंगे या नहीं यह तो कहना मुश्किल है। मगर राहुल ने अपने भाषण की तैयारी जरूर शुरू कर दी है। राहुल को अब अपने भाषण का असर मालूम पड़ गया है। लोकसभा में अडानी पर दिए उनके भाषण के बाद ही उनकी सदस्यता खत्म की गई थी। 23 मार्च को सूरत की अदालत ने फैसला सुनाया और 24 मार्च को राहुल की सदस्यता खत्म।

राहुल अब अपने भाषण की ताकत पहचान गए हैं। और भारत जोड़ो यात्रा, कर्नाटक की जीत एवं 26 विपक्षी दलों के गठबंधन इन्डिया के बनने के बाद उनकी धमक बहुत बढ़ गई है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का उनके पक्ष में फैसला सत्तापक्ष के खेमे में हड़कम्प मचा गया है। अब सबको डर है कि राहुल का भाषण कुछ भी कर सकता है। किसी का भी ग्राफ गिरा सकता है। अगर मंगलवार से पहले राहुल की सदस्यता बहाल कर दी जाती है, जो कि भी जाना चाहिए तो लोकसभा में उनका मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास पर भाषण सुनने लायक होगा। लोकसभा में एक विदेशी राजनयिक गैलरी भी होती है। ऐसे मौकों पर वह हाउसफुल हो जाती है। मणिपुर, जिस पर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है अभी भी भारी हिंसा की चपेट में है। बमों से एक जातीय समूह दूसरे जातीय समूह पर हमले कर रहा है। सेना के अफसरों को महिलाएं पांव पकड़-पकड़कर रोक रही हैं कि हमें पुलिस के भरोसे छोड़कर मत जाओ। यह हमें मरवा देंगे। कई जगह जहां सेना लोगों को बचाने गई वहां पुलिस और वह आमने सामने आ गई। भारतीय सेना ने कश्मीर, पंजाब, असम और भी कई आतंकवाद से ग्रस्त इलाकों में काम किया है।

मगर इस तरह का गृह युद्ध कहीं नहीं देखा। पुलिस, प्रशासन और राज्य सरकार इकतरफा कार्रवाई कर रहे हैं। तीन महीने से ज्यादा समय हो गया। मारे गए लोगों का अंतिम संस्कार तक नहीं हो पाया। रोज लोग मर रहे हैं। विदेशी मीडिया डिटेल में रिपोर्टिंग कर रहा है।

अमेरिका ने हस्तक्षेप की बात की। यूरोपियन यूनियन ने प्रस्ताव पास किया। मगर प्रधानमंत्री मौन बने हैं। केवल संसद का मानसून सत्र शुरू होने पर जो पत्रकारों से औपचारिक बात करते हैं उसमें ही उन्होंने जरा सा मणिपुर का जिक्र किया और साथ में उसकी हिंसा कम बताने के लिए राजस्थान और छत्तीसगढ़ भी साथ में जोड़ दिया।



शकील अख्तर

> राहुल की सदस्यता वापस बहाल करने का सवाल बहुत बड़ा है। लोकसभा को इसे कानूनी रूप से ही देखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकतम दो साल की सज़ा देने पर आश्चर्य जताया है। आज तक जब से आईपीसी बनी है। 163 साल में किसी को भी मानहानि के मामले में अधिकतम दो साल की सज़ा नहीं मिली है। यह कानून ब्रिटिश शासकों ने भारत में लागू किया था। खुद इनके यहां इसे खत्म कर दिया गया है।

मणिपुर पर उनका कोई और बयान अभी तक नहीं आया है। जबकि राहुल गांधी मणिपुर हो आए हैं। इसलिए अगर मणिपुर में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान राहुल लोकसभा में वापस आकर बैठे भी तो माहौल क्या होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। और जब आ जाएंगे तो बोलेंगे जरूर। वह विस्फोटक होगा। गोदी मीडिया उसे दबा नहीं पाएगा। इसलिए राहुल की वापसी को रोकने की पूरी कोशिश हो रही है। लेकिन क्या यह संभव होगा देखना बहुत दिलचस्प रहेगा।

अभी राहुल से पहले एनसीपी के सांसद मोहम्मद फैजल की सदस्यता वापस देने में लोकसभा सचिवालय ने पौने दो महीने लगा दिए थे। लेकिन जब उनके वकील संयोग से वे राहुल के भी हैं, अभिषेक मनु सिंघवी अदालत के फैसले की अवमानना करने के आरोप के साथ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे तो तत्काल आदेश निकालकर उनकी सदस्यता बहाल की गई।

सदस्यता के मामले में कानून एक है। मगर उसे अलग-अलग तरह से लागू करने में संसद अगर एक नियम से ही काम नहीं करता है तो मैसेज गलत जाता है। संसद सर्वोपरि है। कानून बनाती है। लेकिन अगर कानून को लागू करने में वही भेदभाव करे तो केवल देश में नहीं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी खराब मैसेज जाता है। उस हालत में तो और ज्यादा जब हम खुद को विश्वगुरु कहते हैं। विश्वगुरु ऐसा नहीं हो सकता जो भेदभाव करे।

गुजरात के भाजपा सांसद नारायण भाई काछड़िया को तीन साल की सज़ा हुई। हाईकोर्ट से भी सज़ा रद्द नहीं हुई। बाद में सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगने और जिस दलित डाक्टर को ड्यूटी पर मारा था उसे पांच लाख रुपए हर्जाना देने के बाद ही राहत मिली। मगर इस बीच उनकी सदस्यता बनी रही। कांग्रेस लोकसभा अध्यक्ष से मिली। लिखित प्रतिवेदन दिया। मगर वे सदस्य बने रहे। यहां ध्यान देने की बात यह है कि उन्हें ड्यूटी पर एक दलित डाक्टर के काम में बाधा पहुंचाने और हमला करने के गंभीर मामले में सज़ा हुई थी। ऐसे ही एक अधिकारी के साथ मारपीट करने के आरोप में अभी एक और भाजपा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया को आगरा की अदालत ने दो साल की सज़ा सुनाई है। देखना होगा कि उनकी सदस्यता कब रद्द होती है।

दरअसल यह बहुत बड़ा सवाल है। जो संसद कानून बनाती है सबके लिए समान। उसे ही जब लागू करने का मौका आता है तो वह कैसे उसे दो अलग-अलग लोगों पर अलग-अलग तरीके से लागू कर सकती है? अगर खुद संसद ऐसा करेगी तो बाकी कानून लागू करने वाली एजेन्सियों के सामने क्या उदाहरण जाएगा?

इसलिए राहुल की सदस्यता वापस बहाल करने का सवाल बहुत बड़ा है। लोकसभा को इसे कानूनी रूप से ही देखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकतम दो साल की सज़ा देने पर आश्चर्य जताया है। आज तक जब से आईपीसी बनी है। 163 साल में किसी को भी मानहानि के मामले में अधिकतम दो साल की सज़ा नहीं मिली है। यह कानून ब्रिटिश शासकों ने भारत में लागू किया था। खुद इनके यहां इसे खत्म कर दिया गया है और भी कई विकसित और विकासशील देशों में इसे समाप्त कर दिया गया है। मानहानि असंज्ञेय मामलों की श्रेणी में आता है। मतलब जो गंभीर प्रकृति के नहीं हैं। इनमें समझौता हो सकता है। यही राहुल की अपील सुनते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा।

लेकिन केवल उनकी सदस्यता रद्द करने के लिए दो साल की सज़ा सुनाई गई। यह भी आश्चर्यजनक है कि इसे गुजरात की एक अदालत ने सुनाया जबकि जिस भाषण के आधार पर सुनाया वह कर्नाटक में दिया गया था। और ऐसा ही एक बड़ा विरोधाभास यह है कि जिन-जिन मोदी का राहुल ने नाम लिया उनमें से कोई कोर्ट नहीं गया। बल्कि भाजपा का एक विधायक गया।

यह सब चीजें अभी कोर्ट के सामने हैं। इन पर कांग्रेस पूरी तरह स्पष्टता मांगेगी। मगर फिलहाल सवाल राहुल के संसद में वापस आने का है। लोअर कोर्ट के आदेश पर आप चौबीस घंटे में सदस्यता रद्द कर सकते हैं। तो देश की सबसे बड़ी अदालत के फैसले के बाद उसे लागू करने के लिए आपको कितना समय चाहिए?

यह राजनीति से लेकर, कानून की किताबों तक और दुनिया जो राहुल की सदस्यता के बारे में रोज अन्तरराष्ट्रीय अखबारों में पढ़ रही है वहां तक बड़ा सवाल है। हमारी लोकसभा की विश्वसनीयता का।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# राहुल गांधी की सजा पर रोक से भाजपा-संघ को झटका

**■ अरुण श्रीवास्तव**

नरेंद्र मोदी के अंध भक्तों के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मोदी उपनाम वाले मानहानि के मुकदमे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने और एक सांसद के रूप में उनकी स्थिति को बहाल करना एक बड़ा झटका था। इससे तो पूरा भाजपा-संघ कबीला हिल गया और उनका भाजपा राजनीतिक तंत्र भी। वास्तविक अर्थों में यह निचली न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर एक तरह की निंदा है और कुछ हद तक विधायी प्रभावशीलता पर सवाल भी।

सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी ने इस मामले में निचली न्यायपालिका द्वारा अपनाई गई जल्दबाजी के तंत्र को उजागर कर दिया है, जो लोकसभा अध्यक्ष को कुछ हद तक आत्मनिरीक्षण करने के लिए भी मजबूर करेगा। राहुल को लोकसभा की सदस्यता से वंचित करने का आदेश देने में जल्दबाजी की क्या जरूरत थी? अध्यक्ष कुछ दिनों तक इंतजार कर सकते थे और अपनी कार्रवाई के परिणामों पर विचार कर सकते थे।

हालांकि चुनाव आयोग को मोदी और अमित शाह के सीधे निर्देशों पर काम करने वाला माना जाता है, उसने भी इंतजार किया और लोकसभा अध्यक्ष की कार्रवाई से खाली हुई सीट के लिए उपचुनाव कराने की घोषणा नहीं की।

आदेश पर रोक लगाने वाली शीर्ष अदालत की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि निचली अदालत में सुनवाई करने वाले जज द्वारा अधिकतम सजा देने का कोई कारण नहीं बताया गया है। बेशक इसने कर्नाटक रैली में अपनी टिप्पणियों के लिए राहुल की खिंचाई की और पाया कि कांग्रेस नेता के बयान अच्छे नहीं थे और सार्वजनिक जीवन वाले एक व्यक्ति से सार्वजनिक भाषण देते समय सावधानी बरतने की उम्मीद की जाती है।

> वास्तव में आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके नेतृत्व के पारिस्थितिकी तंत्र के आत्मविश्वास को हिलाकर रख दिया है, वह है राहुल गांधी का अपनी मोदी उपनाम वाली टिप्पणी के लिए माफी न मांगना, जिसके कारण उन्हें मानहानि मामले में दोषी ठहराया गया और बाद में संसद से अयोग्य घोषित कर दिया गया। यह उनकी मजबूत मानसिक स्थिति और सत्य में दृढ़ विश्वास को दर्शाता है। निस्संदेह इसका उनकी पार्टी के सहयोगियों पर अचूक प्रभाव पड़ेगा।

न्यायाधीशों की इस टिप्पणी का स्पष्ट अर्थ यह है कि राहुल को संयम बनाये रखना चाहिए था। सजा देने वाली निचली अदालत द्वारा अपनी कार्रवाई को समुचित ठहराने के लिए उपयुक्त कारण नहीं बताना ही सजा पर रोक लगाने का आधार बना।

न्यायमूर्ति बी आर गवई ने जानना चाहा, 'हालांकि अपीलीय और उच्च न्यायालय ने दोष सिद्धि पर रोक को खारिज करने के लिए बड़े पैमाने पर पन्ने खर्च किए हैं, लेकिन उनके आदेशों में इन पहलुओं पर विचार नहीं किया गया है।' शीर्ष अदालत गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली गांधी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने उनकी 'मोदी उपनाम' टिप्पणी पर मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने 2019 में गांधी के खिलाफ उनके 'सभी चोरों का सामान्य उपनाम मोदी कैसे है?' पर आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था।

जरा लोकसभा अध्यक्ष की दुर्दशा की कल्पना करें। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राहुल की लोकसभा सदस्यता बहाल करने के बाद उन्हें फिर से बहाल करने का आदेश जारी करना होगा। लोकसभा सचिवालय को उस घर को दोबारा आबंटित करने में असुविधा का सामना करना पड़ेगा, जहां से उसने अध्यक्ष के आदेश के मद्देनजर राहुल को बाहर कर दिया था।

एक बात तय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी सजा को खारिज न करने में गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की तरह सक्रिय रुख नहीं अपनाया था। सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी की कि गुजरात उच्च न्यायालय का आदेश 'पढ़ने में बहुत दिलचस्प' है और उसमें 'बहुत सारे उपदेश' हैं।

राहुल गांधी की याचिका को खारिज करते हुए, गुजरात उच्च न्यायालय ने 7 जुलाई को कहा था कि 'राजनीति में शुचिता' समय की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय ने आगे कहा कि दोषसिद्धि को रोकने के लिए कोई उचित आधार नहीं था, यह कहते हुए कि सुनवाई करने वाली अदालत का आदेश 'उचित और कानूनी' था और इसमें हस्तक्षेप करने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी गुजरात उच्च न्यायालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने से कम नहीं है। यह आश्चर्य की बात है कि उच्च न्यायालय याचिकाकर्ता द्वारा की गई कई तथ्यात्मक गलतबयानी को कैसे नजरअंदाज कर सकता है। राहुल के वकील ने बताया कि शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी का मूल उपनाम मोदी नहीं है और वह (पूर्णेश) मोध वनिका समाज से हैं।...उन्होंने अपना नाम बदल लिया है... गांधीजी ने अपने भाषण के दौरान जिन लोगों का नाम लिया था, उनमें से एक ने भी मुकदमा नहीं किया है।'

कानूनी वेबसाइट लाइव लॉ के अनुसार, दिलचस्प बात यह है कि 13 करोड़ के इस 'छोटे' समुदाय में जो भी लोग पीड़ित हैं, मुकदमा करने वाले केवल भाजपा पदाधिकारी हैं। तथ्यों पर नजर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है कि आरएसएस और शीर्ष भाजपा नेताओं, मोदी और अमित शाह ने यह सुनिश्चित करने के लिए उन्हें झूठे मामले में फंसाने की योजना बनाई थी कि राहुल संसद से बाहर रहें। वास्तव में उन्हें यकीन था कि इसके परिणामस्वरूप राहुल की सदस्यता बहाल नहीं होगी तथा अगले आठ साल तक उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी जायेगी। लेकिन दुर्भाग्य से आरएसएस और मोदी के लिए, उनका जाल-बट्टा सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में बिखर गया है।

इस आदेश का मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर काफी असर पड़ेगा। लोकसभा की सदस्यता की अस्वीकृति और बहाली पर रोक आरएसएस और भाजपा की हिंदू राष्ट्र के साथ आगे बढ़ने की योजना को भी नष्ट कर देगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस फैसले का संघ परिवार पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। इससे इंडिया विपक्षी गठबंधन की प्रासंगिकता को बढ़ावा मिलेगा। इसने भारत जोड़ो यात्रा की प्रासंगिकता को बढ़ाया है, जिसे बदनाम करने के लिए भाजपा पारिस्थितिकी तंत्र ने एक गहन अभियान चलाया था। जिस चीज ने वास्तव में आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके नेतृत्व के पारिस्थितिकी तंत्र के आत्मविश्वास को हिलाकर रख दिया है, वह है राहुल गांधी का अपनी मोदी उपनाम वाली टिप्पणी के लिए माफी न मांगना, जिसके कारण उन्हें मानहानि मामले में दोषी ठहराया गया और बाद में संसद से अयोग्य घोषित कर दिया गया। यह उनकी मजबूत मानसिक स्थिति और सत्य में दृढ़ विश्वास को दर्शाता है। निस्संदेह इसका उनकी पार्टी के सहयोगियों पर अचूक प्रभाव पड़ेगा और साथ ही मोदी और शाह को राहुल से निपटने के लिए अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने और उसे नया स्वरूप देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

शीर्ष अदालत के फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राहुल को बिना किसी गलती के माफी मांगने के लिए मजबूर करने के लिए आपराधिक प्रक्रिया और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का उपयोग करना, न्यायिक प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है और इस न्यायालय द्वारा इसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इस फैसले ने मोदी के एक मजबूत लौह नेता होने का चेहरा भी उजागर कर दिया है। यह संदेश आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं के मानस पर गहरा प्रभाव डालेगा। इसमें कोई शक नहीं कि मोहन भागवत, मोदी और अमित शाह एक मजबूत चेहरा सामने रखेंगे। लेकिन ये उस नैतिक शक्ति को पुन: प्राप्त करने में सफल नहीं होंगे जो इन नेताओं ने फैसले के बाद खो दी थी।

## गुरवाणी विचार

# करनी आपो आपनी के नेड़े के दूर

सुख नांही बहुते धनि खोटे
सुख नांही पेखे निरति नाटे
सुख नांही बहु देश कमाये
सरव सुखा हरि हरि गुण गाये
सुख सहज अनंद लहो
साध संगति पाइअै वडभागी
गुरमुखि हरि हरि नाम कहो।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुनदेव जी मानव मन को समझाइश दे रहे हैं कि बहुत अधिक कमा लेने से ही हमें सुख मिलता रहेगा ऐसा नहीं होता न ही आत्मिक आनंद की प्राप्ति ही होती है न ही हमारी तृष्णा भी खत्म होती है-

सहज खटे लखि को उठि धावै।
तृप्त न आवै माया पौहे पावै।।

अगर हम दस हजार कमा लेते हैं तो हमारी तृष्णा एक लाख कमाने की तरफ दौड़ पड़ती है लाख कमाने पर करोड़ कमाने की इच्छा प्रबल हो उठती है। इस तरह हमारी तृष्णा कभी खत्म नहीं होती। फिर आप फरमाते हैं कि ज्यादा नाटक चेटक देखने से नाच गाने देखने सुनने से, टीवी वगैरह देखने से भी हमारे मन को शांति नहीं मिल सकती। बल्कि हमारी उत्सुकता और बढ़ती जाती है। एक नाटक देखा तो दूसरे की तरफ देखने का मन लग जाता है। एक फिलम देखी तो दूसरी, देखने की इच्छा हो जाती है और हम उसी में उलझते रहते हैं। मन अशांत ही रहता है। अगर हम देश भ्रमण करने पर निकल पड़े कि मन में शांति प्राप्त हो सके तो एक प्रदेश देखने पर ऐसी इच्छा हो जाती है कि इसके बाद दूसरा कौन सा देश देखा जाय इस तरह पूरे प्रदेश भ्रमण करने पर विदेश भ्रमण करने की इच्छा जागृत हो जाती है और हम इस तरह भ्रमण ही करते रहते हैं पर मन हमारा अशांत ही रहता है अगर हमारा मन प्रभु सिमरन बंदगी में रम गया तो फिर हमें और कहीं भटकने की जरूरत नहीं रहती। प्रभु सिमरन बंदगी करते रहने पर हमारे मन में सच्ची शांति प्राप्त हो जाती है। फिर हमें किसी किस्म का दुख क्लेश नहीं रहता क्योंकि प्रभु परमात्मा का दर तो बेगमपुरा है जहां किसी भी किस्म का गम नहीं है। हमेशा आनंद ही आनंद है। इसलिए हमें गुरमुख बनकर प्रभु सिमरन बंदगी में रम जाना चाहिए। साध संगत में जाने पर हमारा मन शनै: शनै: प्रभु सिमरन बंदगी में रमने लगेगा हमारे अच्छे कर्म होंगे तभी हमें सच्ची साध संगत मिलेगी अगर हम सांसारिक मोह माया में ही रहे बुरी संगत में ही पड़े रहे तो फिर हमारा कल्याण होना असंभव है। इंसान की ऐसी आदत है उसे जैसी जैसी संगत मिलती रहती है वह उसी तरह पलटता रहता है। हम जो भी इस संसार में कर्म कर रहे हैं उसी के अनुसार हमें प्रभु परमात्मा ने इनाम या दंड देना है क्योंकि धर्मराज की कचहरी में चित्रगुप्त आप हमारे द्वारा किए जा रहे प्रत्येक कर्म का लेखा जोखा रखते हैं उसी के अनुसार हमें दंड या इनाम मिलने वाला है-

चंगिआइयां बुरिआइयां वाचै धरम हदूर।
करनी आपो आपनी के नेड़े के दूर।।
उसलिए गुरदेव हमें समझा रहे हैं कि-
जिनी नाम धिआइया गये मसकत छालि।
नानक ते मुख उजले केती छुइही नालि।।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# छुआछूत की बीमारी की तरह फैलती है हिंसा

बुद्धिमान लड़ाई से पहले जीतते हैं, जबकि अज्ञानी जीतने के लिए लड़ते हैं। संघर्ष के प्रति बुद्धिमान दृष्टिकोण लड़ाई या हिंसा में शामिल होने से पहले योजना बनाना और रणनीति बनाना शामिल है, जबकि अज्ञानी दृष्टिकोण परिणामों या संभावित परिणामों पर विचार किए बिना केवल लड़ना या हिंसा करना है अर्थात बौद्धिक विचार यह है कि किसी स्थिति का सावधानीपूर्वक आंकलन करके और सूचित निर्णय लेकर, कोई भी व्यक्ति शारीरिक युद्ध या हिंसा का सहारा लिए बिना जीत हासिल कर सकता है। यह उद्धरण सलाह देता है कि बुद्धिमानी ऐसी स्थिति को पहले से ही भांप लेने में है जो हिंसा में बदल सकती है और फिर इससे बचने के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करना चाहिए।

क्या होता है जब हिंसा को टाला नहीं जा सकता? जब कूटनीति के प्रयास विफल हो जाते हैं, तब भी दुश्मन की ताकत और कमजोरियों का आंकलन करके दूसरे पक्ष पर तुरंत काबू पाने के लिए हिंसा को टाला जा सकता है। दुश्मन या विपक्षी को भ्रमित करने और उनके संसाधनों को बर्बाद करने के लिए धोखे और झूठ का भी इस्तेमाल किया जाता है। हिंसा को क़ानून व्यवस्था के मसले जैसा समझने के बजाय, इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य की चुनौती के तौर पर लिया जाये। हिंसक बर्ताव एक महामारी है, जो छुआछूत की बीमारियों की तरह एक इंसान से दूसरे इंसान में फैलती है। हिंसा को ठीक उसी तरह रोका जा सकता है, जैसे काम के दौरान लगने वाली चोटों या संक्रामक बीमारियों को रोका जाता है। दिक्क़त ये है कि दुनिया भर में हिंसा से सख़्ती से निपटने की सोच हावी है इसलिए हिंसक घटनाओं पर हंगामा होते ही, नेता हों या जनता, सख़्त क़ानून की मांग करने लगते हैं।

इंसान अक्सर जोखिम भरा बर्ताव करता है, ख़तरों से खेलता है। जैसे कि नुक़सान पता होने के बावजूद स्मोकिंग करना या फिर पेट भरने के बावजूद ज़्यादा खाना, यानी किसी मर्ज़ को होने से ही रोका जाए। लेकिन, जब बात हिंसक बर्ताव की आती है, तो इससे निपटने का एक ही तरीक़ा लोग बताते हैं, क़ानून सख़्त बना दो। जैसे हाल ही में 12 साल से कम उम्र की बच्ची से बलात्कार पर मौत की सज़ा का प्रावधान या फिर भीड़ की हिंसा से निपटने के लिए सख़्त क़ानून बनाने पर हमारे देश में विचार चल रहा है। हिंसा को इंसान का जन्मजात बर्ताव मान लिया गया है, जिसे बदला नहीं जा सकता। सोच यही है कि जो लोग हिंसा करते हैं, उन्हें सही रास्ते पर नहीं लाया जा सकता इसलिए सख़्त क़ानूनों की बात ही की जाती है। सऊदी अरब और ईरान में कई जुर्मों के लिए मौत की सज़ा है मगर अपराध तब भी नहीं रुकते। भारत में भी कई अपराधों के लिए मौत की सज़ा मिलती है। मगर वो जुर्म अब भी होते हैं।

हिंसा से किस प्रकार बचा जा सकता है? आज देश के जातीय दंगों के संदर्भ में, यह उद्धरण दो समुदायों के बीच संघर्षों को सुलझाने में कूटनीति और बातचीत के महत्व पर प्रकाश डालता है। हिंसा का सहारा लेने के बजाय, जिसके सभी संबंधित पक्षों के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं, बुद्धिमान नेता बातचीत और समझौते के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। प्राय: पड़ोसी राज्यों या धार्मिक समुदायों के बीच संघर्ष अक्सर होते रहते हैं, इसलिए हिंसा की घटनाओं को कम करने की दिशा में क्षेत्रीय एकीकरण एक महत्वपूर्ण प्रगति है। दोनों पक्षों के पारस्परिक लाभ के लिए विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने की संभावना के बारे में निर्णय लेने वालों की अनभिज्ञता के कारण अक्सर दंगा या हिंसा होती है। इस प्रकार यह संभव है कि सामुदायिक विवादों के निपटारे के लिए वैकल्पिक, शांतिपूर्ण तकनीकों को विकसित और संस्थागत बनाकर और राज्यों को उनका उपयोग करने के लिए राजी करके दंगों की रोकथाम में योगदान दे सकते हैं।

**सत्यवान सौरभ**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### मनाया अखंड भारत दिवस



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के लटेरी रोड स्थित संस्कार गार्डन में रविवार दोपहर को हिंदू जागरण मंच की जिला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ जिला एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वलन किया। बैठक को रामसेवक विश्वकर्मा, जिला प्रचारक मोहित सेंगर व अमान सिंह राजपूत अखंड भारत पखवाड़ा के तहत अखंड भारत दिवस ग्राम स्तर व थाना ईकाईयों पर मनाने निर्णय हुआ और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला व संगठन का विस्तार कर संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। बैठक में सिरोंज की नवीन कार्यकारिणी घोषित कि गयी। सिरोंज का नगर संयोजक नीरज मालवीय एवं नगर का सह संयोजक सोनू धाकड़ को बनाया गया। इसदौरान जिला उपाध्यक्ष कुलदीप जैन, नीरज मालवीय, रामबाबू कुशवाह, आकाश शर्मा आदि जिले की अन्य सभी थाना ईकाईयों के पदाधिकारीगण व नगर के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

### वद्धाश्रम में भोजना कराकर मनाया विधायक भार्गव का जन्मदिन



**सिरोंज, देशबन्धु।** विधायक शशांक भार्गव का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा लिंक रोड स्थित मां ब्रह्मचारी सेवा समिति वृद्ध आश्रम में वृद्धों को भोजन वितरण कर मनाया। इस दौरान युवा कांग्रेस नेता अतीक मंसूरी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, सुरेश यादव नगर अध्यक्ष इरशाद गोरी, उजागर सिंह यादव, उदल सिंह बघेल इरफान गोरी जफर खान पूर्व सरपंच, सुनील बोरसे, आबिद भाई ठेकेदार,रजत गोड, उमेश पटेल, राजेश सहेले, रानी साहू, शाहरुख पार्टी , अशफाक खान शरद सहेले आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आज कुरवाई आएंगे प्रबल तोमर



**सिरोंज, देशबन्धु।** जनपद सदस्य प्रतिनिधि दीपचंद सप्रे द्वारा आयोजित कावड़ यात्रा में शामिल होने सोमवार को केन्द्रीय मंत्री व भाजपा चुनाव अभियान समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर के छोटे पुत्र प्रबल तोमर कावड़ कुरवाई आएंगे। जहां पर भाजपा खेल प्रकोष्ठ के पूर्व जिला सह संयोजक शुभम शर्मा द्वारा युवाओं के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। भाजपा युवा नेता शुभम शर्मा ने बताया कि युवा नेता प्रबल तोमर बीना शताब्दी से सुबह कुरवाई आएंगे और कावड़ यात्रा में शामिल होने के बाद ग्वालियर रवाना होंगे।

### प्रदेश चुनाव समिति में पांसे को सदस्य बनाने पर समर्थकों में हर्ष



**सिरोंज, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए सभी निर्णय लेने वाली 19 सदस्यों की सर्वोच्च कमेटी (प्रदेश चुनाव समिति) ममें पूर्व सुमंत्री व विधायक सुखदेव पांसे को प्रदेश चुनाव समिति में सदस्य बनाये जाने पर पूर्व सरपंच खुशाल सिंह रघुवंशी सहित पांसे के समर्थकों में हर्ष व्याप्त है पूर्व सरपंच खुशाल सिंह रघुवंशी ने पांसे को सदस्य बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

जिला पंचायत सहित 2 जनपद सदस्यों ने भी थामा कांग्रेस का दामन

# भाजपा को झटका, मालवीय अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल




**गैरतगंज, देशबन्धु।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के पूर्व सांची विधानसभा में भाजपा एवं कांग्रेस दोनों ही दलों में उथल पुथल का दौर जारी है। इसी क्रम में रविवार को भाजपा को झटका लगा जब भाजपा नेता एवं जिला पंचायत प्रतिनिधि संतोष मालवीय सहित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य प्रीति रजक, दो जनपद सदस्य सुरेश कुमार एवं मिश्रीलाल ने भाजपा की सदस्यता से त्यागपत्र देकर कांग्रेस का दामन थाम लिया। इसके पहले रायसेन के कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालाजी ठाकुर, रायसेन ब्लाक अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, देवनगर अध्यक्ष रामबाबू लोधी सहित अन्य कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ गैरतगंज से दर्जनों गाड़ियों का काफ़िला संतोष मालवीय के साथ भोपाल के लिए रवाना हुआ। भोपाल प्रदेश कार्यालय पहुंचकर संतोष मालवीय, जनपद सदस्य एवं अन्य समर्थकों ने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर संतोष मालवीय ने मीडिया से चर्चा में बताया कि सांची विधानसभा क्षेत्र में लगातार कार्यकर्ताओ की उपेक्षा की जा रही है। भाजपा नेताओं की चुनाव के पूर्व की कथनी और चुनाव के बाद की करनी में अंतर है। उन्होंने पार्टी से आहत होकर कांग्रेस की सदस्यता इसलिए ली है कि कांग्रेस मध्यप्रदेश में कमलनाथ एवं दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में अच्छी सोच और नीति के साथ काम कर रही है। कई वर्षों से भाजपा के लिए कार्य करने वाले संतोष मालवीय के अचानक अपने समर्थकों के साथ कॉंग्रेस में शामिल होने से भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। मालवीय क्षेत्र में अपने नेतृत्व एवं व्यवहार के बलबूते एवं अच्छी कार्यशैली से दो जिला पंचायत चुनाव, दो पार्षद के चुनाव जीते है। पिछली पंचवर्षीय चुनाव में जिला पंचायत चुनाव में परिणाम टाई रहा था। परन्तु इस बार के चुनावों में उन्होंने एक तरफ जीत हांसिल की। वर्तमान में वे जिला पंचायत प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहे है। उनके कार्यकाल में चार चुनाव हुए जिनमे उन्हें जीत मिली। सांची विधानसभा चुनाव में भाजपा से स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी को टक्कर देने के लिए अभी तक कई कांग्रेस के दावेदार मैदान में मौजूद थे परन्तु अनुसूचित जाति से संतोष मालवीय के कांग्रेस में शामिल होने से उन्हें अब सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है।

# एसडीओपी कार्यालय में हुई सामाजिक संगठनों की बैठक



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शहर पुलिस थाना स्थित एसडीओपी कार्यालय में शनिवार को सामाजिक सौहार्द को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठक का आयोजन एसडीओपी मनोज मिश्रा की उपस्थिति में किया गया। मालूम हो कि नगर में हाल ही में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक मेसेज और विडियो पोस्ट किए गए थे। इस मामले में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी भी हुई थी। ऐसे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई और स्थानीय स्तर पर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता एवं संगठन के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में उपस्थित हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने कहा कि कोई भी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करता है तो उस पर पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाए जिससे नगर का ससामाजिक सौहार्द कायम रहे। ऐसे तत्वों पर आईटी सेल द्वारा नजर भी रखी जाए। बैठक में मुख्य रूप से बजरंग दल अध्यक्ष, विहिप प्रभारी, मुस्लिम समुदाय के त्यौहार कमेटी अध्यक्ष, सदर एवं अन्य सभी प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। एसडीओपी मनोज मिश्रा ने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन ने भी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तथा धार्मिक भावनाओं को आहत करने पोस्ट करने वाले तत्वों को चेतावनी दी है। यदि किसी के द्वारा यह किया जाता है तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विश्वकर्मा महापंचायत संगठन की बैठक और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**सिरोंज, देशबन्धु।** विश्वकर्मा महापंचायत संगठन मंडल ने सिरोंज में प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम नारायण विश्वकर्मा ,प्रदेश महामंत्री दीपक विश्वकर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी रामराज विश्वकर्मा, विदिशा जिला अध्यक्ष राम किशोर विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष महिला मंडल रेखा विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया।

इस अवसर पर बच्चों ने अपने अनुभव भी शेयर किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, समाज में जन जागरण कर समाज को अधिकार दिलाने का संकल्प लिया गया। विश्वकर्मा महापंचायत संगठन समाज को सत्ता और संगठन में भागीदारी के लिए संकल्पित है। विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में जनसंख्या का 6.5 प्रतिशत विश्वकर्मा समाज से आता है। हमने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से इसी आधार पर समाज के लिये 5 विधानसभा टिकट को मांग की है।

## इकलौद हाईस्कूल में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी लैब का उद्घाटन

**सिरोंज, देशबन्धु।** शासकीय हाईस्कूल इकलौद में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी लैब का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधन ने आयोजित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगत सिंह रघुवंशी जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि राजेश प्रभाकर, अध्यक्षता राजीव दांगी सरपंच ग्राम पंचायत इकलोद थे। मुख्य अतिथि भगत सिंह रघुवंशी ने फीता काटकर आईसीटी लैब का उद्घाटन किया और बच्चों को भविष्य में इसकी उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला।



प्राचार्य डॉ घनश्याम मीणा ने बताया की शिक्षा विभाग का यह बड़ा और महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट था जो पिछले सत्र में स्वीकृत होकर इस वर्ष कई स्कूलों में लैब के रूप में स्थापित होकर लागू हुआ। लैब में 10 कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, 65इंच स्मार्ट टीवी, डिजिटल पैड इत्यादि सामग्री लगकर इस समृद्ध और स्मार्ट लैब तैयार हुई। अब नियमित रूप से कालखंड लगाकर बच्चों को इसका प्रायोगिक ज्ञान कराया जायेगा। कंप्यूटर शिक्षण के लिए कंप्यूटर अनुदेशक की व्यवस्था भी कर ली गई हैं। अब बच्चे भी बड़े उत्साह के साथ सीखने में रुचि दिखा रहे हैं। समाज सेवी विक्रम रघुवंशी ने वर्तमान में कंप्यूटर की आवश्यकताओं और उपयोगिताओं पर प्रकाश डाला। शिक्षक लक्ष्मण सिंह बघेल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावा गणमान्य पत्रकार, अभिभावक, समस्त स्टाफ एवं सभी छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन शिक्षिका मानसी तिवारी ने एक सुमधुर प्रेरणा गीत गाकर किया।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई शिव महापुराण कथा



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** तहसील भेरुन्दा के ग्राम चोरसाखेड़ी में कुशवाहा परिवार द्वारा शिव महापुराण का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण शुरू हुई । हजारों की संख्या में कलश यात्रा में ग्रामीण जन उपस्थित हुए। कलश यात्रा ग्राम के ही लक्ष्मीनारायण मंदिर से प्रारंभ करते हुए मां नर्मदा के तट पर मेकलसूता आश्रम तक पहुंची। कथावाचक परम पूज्य पंडित मनमोहन चतुर्वेदी के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 1:00 से 4:00 बजे तक श्रवण कराई जाएगी। सभी ग्राम वासियों से निवेदन है कि समय का ध्यान करते हुए कथा का प्रतिदिन लाभ लें और प्रसादी ग्रहण करें।

### कावड़ पद यात्रियों का किया स्वागत



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** कावड़ पद यात्रियों का नगर के सीहोर नाके पर पावर मेक प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड द्वारा स्वागत किया गया। एवं प्रसादी एवं जल कावड़ यात्रियों को को वितरित किया गया । पावर मेक प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड द्वारा क्षेत्र में हमेशा से ही जन सेवा के कार्य करती आ रही है। कोरोना कॉल में राशन बांटना। नर्मदा नदी से आई बाढ़ में पीड़ितों को भोजन बांटना। हर अमावस्या पर स्टाल लगाकर प्रसादी एवं पानी वितरित करना। वही हर वर्ष पर्यावरण दिवस पर हजारों पौधे लगाने के साथ ही ब्लड डोनेशन करना, स्कूलों मे गरीब बच्चों को साम्रागी बांटना, समय-समय पर जरूमन्द लोगों की सहायता करने का कार्य कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

## स्कूली बच्चों ने योजनाओं पर प्रस्तुत की नाटिका



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** अमृत भारत स्कीम के तहत गंजबासौदा सहित 583 रेलवे रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास को लेकर रविवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल शिलान्यास समारोह के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल आईपीएस के बच्चों द्वारा केंद्र सरकार की नागरिकों में जन जागरूकता के लिए योजनाओं पर आधारित एक लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद थे। मालूम हो कि भारत योजना के तहत करीब 25000 करोड़ की लागत से पूरे देश भर के 583 स्टेशनों का पुनर्विकास द्वारा किया जा रहा है जिसमें गंजबसौदा स्टेशन भी शामिल है। इस स्टेशन के नए भवन के अलावा यात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार होगा। स्थानीय स्टेशन का विकास सांस्कृतिक विरासत को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर आईपीएस, भारत माता कन्वेंट सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार भी वितरित कर सम्मानित किया गया। आईपीएस के प्राचार्य रामकृष्ण रघुवंशी ने बताया कि बच्चों द्वारा केंद्र सरकार की पीएम आयुष्मान योजना, आवास योजना, उज्जवला योजना, मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई जिसे उपस्थित जन समूह ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन रविंद्र जैन ने किया।

# दीप प्रज्वलित कर और महिलाओं को तिलक कर मनाया स्तनपान सप्ताह

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल अस्पताल सबलगढ़ के पोषण पुनर्वास केंद्र में दीप प्रज्वलन कर गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को रोली व चंदन लगाकर विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार यह सप्ताह वैश्विक रूप से विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। यह अगस्त माह के पहले हफ्ते में 1 तारीख से 7 तारीख तक मनाया जाता है। पूरे सप्ताह मनाए जाने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्तनपान के महत्व को उजागर करना एवं नवजात शिशु के पोषण व समुचित विकास को सुनिश्चित करना है। इस दौरान दुग्धपान के सही तरीके दुग्धपान के लाभ व शिशु को माता के दूध से होने वाले लाभ के विषय में भी सार्थक चर्चा की गई। इस दौरान सीबी एमओ डॉ. वीर सिंह खरे, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ शरद शर्मा, डॉ केके डंडोतिया, डॉ रेखा रानी गोयल, एनआरसीएफडी मनीषा यादव, फार्मासिस्ट लोकेंद्र कुशवाह, नर्सिंग ऑफीसर तृप्ति मेश्राम, संगीत जामोद, अंकिता श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। डॉ. वीर सिंह खरे ने बताया कि प्रसूता महिला को बच्चे के जन्म के 1 घंटे के भीतर शिशु को दुग्धपान अनिवार्य रूप से कराना चाहिए एवं छह माह तक केवल स्तनपान ही कराना चाहिए तथा 2 वर्ष तक स्तनपान जारी रखना चाहिए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शरद शर्मा ने बताया कि मां का दूध बच्चे का पहला आहार होता है, जो बच्चे को कई बीमारियों से सुरक्षित रखता है। जो बच्चे ठीक से स्तनपान करते हैं, उनमें डायबिटीज तथा मोटापे की समस्या कम होती है तथा दिमागी रूप से मजबूत होते हैं। जो माताएं अपने बच्चों को स्तनपान कराती हैं, उन्हें ब्रेस्ट कैंसर, ओवेरियन कैंसर का खतरा कम होता है। इसीलिए जन्म के तुरंत बाद ही स्तनपान शुरू कर देना चाहिए। मां के दूध में सभी प्रकार के पोषक तत्व एंटीबॉडीज और एंजाइम्स होते हैं, जो बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं और संक्रमण से दूर रखते हैं।

## मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, बायरल बुखार के नियंत्रण के लिए सलाह

**मुरैना, देशबन्धु।** मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के प्रभावी नियंत्रण के लिए अपने आस-पास संपूर्ण साफ-सफाई की व्यवस्था के उपाय किये जाएं। मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और बायरल बुखार जेसे रोगो के फैलने की संभावना होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि आमजन अपने परिसर के आस-पास पानी एकत्रित होने वाली सभी अनुपयोगी वस्तुऐं जैसे टीन के डब्बे, कोंच, प्लास्टिक की बोतल, नारियल के खोल, पुराने टायर, इत्यादि का विनिष्टिकरण करें, कही पर पानी एकत्रित है तो उसकी तत्काल निकासी की व्यवस्था की करें।

# चुनाव कार्य से जुड़े अधिकारी गलती करेंगे तो माफ नहीं होगी: कलेक्टर

मुरैना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर ऑफिसर, बीएलओ की बैठक हुई आयोजित

**मुरैना, देशबन्धु।** निर्वाचन कार्य को पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी से कराने में बीएलओ एवं सेक्टर अधिकारियों की अहम भूमिका है। यह बात पॉलिटेक्निक कॉलेज मुरैना में कलेक्टर अंकित अस्थाना ने मुरैना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर ऑफिसर एवं बीएलओ से शनिवार को कही। कलेक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव कार्य में जो भी अधिकारी लगे हैं, उनकी गलती क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन के लिए जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका पूरी तरह से अध्ययन कर ईमानदारी के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य को संपादित कराने में सेक्टर ऑफिसर, बीएलओ सभी मतदान केंद्रों का भौतिक रूप से निरीक्षण करें। मूलभूत सुविधाओं एवं पूर्व निर्वाचन के दौरान घटित घटना के बारे में भी पूरी जानकारी प्राप्त करें। कलेक्टर ने कहा कि 2 अगस्त से मतदाता सूची में नाम जोडने, हटाने एवं संशोधन करने का कार्य जारी है। सेक्टर अधिकारी अपने सेक्टर का भ्रमण कर मतदान केंद्रों पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी से पूरी जानकारी लें। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक सेक्टर अधिकारी को निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने के पूर्व दो बार सेक्टर का भ्रमण कर मतदान केंद्रों की सूची एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी लेना है। मतदान केंद्रों के भ्रमण के दौरान इस बात की भी जानकारी स्थानीय लोगों से हासिल करें कि पूर्व चुनावों में किसी भी प्रकार की घटना, दुर्घटना, पुनर्मतदान की स्थिति निर्मित हुई है। महिला मतदाताओं का मतदान शत प्रतिशत बढ़वाने का भी मुख्य कार्य है। समस्त बीएलओ प्रतिदिन अपने अपने मतदान केंद्रों पर बैठे, पात्र नवीन मतदाताओं के फार्म जमा कराएं। मतदाता सूची पूरी तरह से त्रुटि रहित होना चाहिए। मतदाता सूचियों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों को लेकर भी समस्त बीएलओ एवं सेक्टर अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं में बिजली, पानी की सुविधा आवश्यक रूप से उपलब्ध हो। दिव्यांगजनों के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैंप की व्यवस्था सुनिश्चित हो। निर्वाचन को लेकर जो जिम्मेदारी बीएलओ एवं सेक्टर अधिकारियों को सौंपी गई है, उसे पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी एवं सतर्कता के साथ संपादित करें। बैठक में मुरैना एसडीएम बीएस कुशवाह, तहसीलदार बंदना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बीआरसी, प्राचार्य, सेक्टर ऑफिसर, बीएलओ सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## आज से चलेगा 3 चरणों में सघन मिशन इंन्द्रधनुष अभियान

**मुरैना, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 अगस्त 2023 से सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान का प्रथम चरण प्रारंभ होने जा रहा है। यह अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान का प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त 2023 तक, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर 2023 एवं तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक चलेगा। इस अभियान के अन्तर्गत टीकाकरण से छूटे हुये 0 से 5 साल तक के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को विशेष रूप से टीकाकृत किया जाएगा। डॉ. अजय गोयल ने बताया कि 7 अगस्त से यूविन पोर्टल का भी शुभारंभ हो रहा है, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों और गर्भवती महिलाओं को लगाये जाने वाले टीकों का ऑनलाइन पंजीयन किया जाएगा, हितग्राही के मोबाईल पर मैसेस और डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। अभियान की जागरूकता बढ़ाने के लिये ग्रामीण स्तर पर नारे लेखन, माता बैठक, रैली आदि गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### कुणाल सर्वश्रेष्ठ जनसेवा मित्र, मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**भैंसदेही, देशबन्धु।** भोपाल के लाल परेड मैदान में मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशीप कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वार भैंसदेही केजनसेवा मित्र कुणाल वाघमारे का सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि विगत 6 माह से बैतूल सी.एम फेलो व रिसर्च एसोसिएट मनदीप सिंह परिहार के कुशल नेतृत्व में पूरे जिले में 150 सी.एम. इंटर्न्स जनसेवा के कार्य कर रहे है। इस योजना के अंतर्गत जिले के सभी ब्लॉक्स में 15 जनसेवा मित्र तैनात किए गए थे। जिसके अंतर्गत भैंसदेही ब्लॉक के जनसेवा मित्र कुणाल वाघमारे द्वारा 6 माह में उत्तम कार्य किया गया। जनसेवा मित्र द्वारा ब्लॉक् में लाड़ली बहना योजना, आयुष्मान कार्ड, डोर टू डोर सर्वे, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, ग्राम सभाओ के आयोजन जैसे अनेको कार्यकर्मो में सहयोग देकर आमजन को जागरूक करने का कार्य किया।

### सरदार विष्णु सिंह गोंड स्थापना दिवस रैली में जुटेंगे 50 हजार आदिवासी

**बैतूल, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम स्टेडियम में रविवार को जय आदिवासी युवा शक्ति जयस द्वारा 11 अगस्त सरदार विष्णु सिंह गोंड स्थापना दिवस मनाने के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में महारैली की सफलता के लिए जयस कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए वहीं महारैली के मार्गो के लिए रूट भी तय किए गए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पानी की व्यवस्था गंज चौक, कॉलेज चौक, बस स्टेण्ड पर किए जाने पर सहमति बनी। रैली के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था, शहर की शराब दुकान पूरी तरह और रैली के दौरान बंद रहेगी। रैली में सभी को डंडा एवं झंडे लेकर आने का आग्रह किया गया। रैली के दौरान चौक चौराहों पर सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा उद्बोधन भी दिया जाएगा। रैली में 50 हजार आदिवासियों के एकत्रित होने की संभावना जताई जा रही है। रैली में आदिवासियों की पारंपरिक वेशभूषा आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### सुने रास्ते पर महिला से दुष्कर्म

**आठनेर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के खैरवाड़ा निवासी एक विवाहित महिला के साथ सुने रास्ते पर 2 आरोपी द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस हंड्रेड डायल वाहन को सूचना मिलने पर वाहन से पीड़िता को आठनेर थाना लाया गया जहां उसने घटना कि जानकारी पुलिस को दी है। सब इंस्पेक्टर वहीद खान ने बताया है पीड़िता को सूने रास्ते पर अकेले देख उसके साथ 2 आरोपियों ने जान पहचान बनाकर दुष्कर्म किया। दोनों आरोपी भैंसदेही थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम घोघरी के है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 75 साल बाद पहली बार किसी सरकार ने रेलवे स्टेशनों की चिंता की : पवार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल उद्घाटन समारोह को लेकर हुआ कार्यक्रम



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के रेलवे स्टेशन के कायाकल्प हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत चयन होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस अवसर पर यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुलताई विधायक सुखदेव पांसे एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जनपद अध्यक्ष नान्ही पवार, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू प्रह्लाद परमार पूर्व रोजगार निर्माण बोर्ड अध्यक्ष हेमंत विजय राव देशमुख कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। रेलवे की ओर से सीनियर डिविजनल फाइनेंस मैनेजर राम प्रसाद गुप्ता नोडल अधिकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सैकड़ों रेलवे स्टेशनों का 25000 करोड़ रुपए देश के स्टेशनों पर खर्च हो रहा है। नागपुर डिवीजन में 300 करोड़ की लागत से नए स्टेशन बन रहे हैं। 75 साल बाद पहली बार किसी सरकार ने स्टेशनों की चिंता की। अंग्रेजों के जमाने के बने स्टेशनों का पुनर्विकास कराया जा रहा है। विधायक सुखदेव पांसे ने राजा पवार द्वारा ओवर ब्रिज का काम जल्द शुरू करने की मांग का समर्थन करते हुए रेलवे अधिकारियों से मुलताई में ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग भी की। उन्होंने कहा कि यहां पूरे देश भर से मां ताप्ती के दर्शन करने लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। सड़क और रेल यातायात से ही देश और प्रदेश की प्रगति नापी जाती है। मुलताई देश की मेन रेलवे ट्रैक पर है। जहां से पूरे देश की कनेक्टिविटी बनी रहती है। ट्रेनों की स्पीड बढ़ चुकी है, जिससे ट्रेनों का समय बच रहा है। इसलिए इस समय का सदुपयोग करते हुए मुलताई स्टेशन पर जयपुर चेन्नई, अमरावती जबलपुर आदि ट्रेनों का स्टॉपेज दिया जाना चाहिए। वहीं उन्होंने मुलताई के आसपास बने अंडरपास की विसंगतियों के बारे में भी रेलवे के अधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने कमलनाथ सरकार के समय रेलवे ओवर ब्रिज पास करवाने की बात कही और छिंदवाड़ा स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनाए जाने के समय मुलताई को भी मॉडल स्टेशन में शामिल करने की मांग की थी ।

# अब हरदा का रेलवे स्टेशन भी नंबर वन स्तर का बनेगा: पटेल



**हरदा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हरदा के रेलवे स्टेशन सहित देश के कुल 508 और मध्य प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशनों के विश्व स्तरीय विकास का वर्चुअली शिलान्यास किया। हरदा रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्री कमल पटेल उपस्थित हुए। उन्होंने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि हरदा जिला विकास के हर क्षेत्र में नंबर-वन है। इसी क्रम में अब हरदा का रेलवे स्टेशन भी नंबर- वन स्तर का बनेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से देश और प्रदेश में विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश के 21 रेलवे स्टेशनों में विकास कार्य किए जाएंगे और इन रेलवे स्टेशनों पर आने वाले यात्रियों को हर संभव आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, नगरपालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद थे।

# खेडीकोर्ट में हुई युवा संगोष्ठी में वितरण किए डेढ़ सौ पौधे



**मुलताई, देशबन्धु।** गायत्री प्रज्ञा पीठ खेड़ी कोर्ट में युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें 150 पौधे का वितरण कर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आवाहन किया गया। जिसमें उपस्थित परिजनों को शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन पर विकास खंड समन्वय समिति के गणपति गायकवाड़ ने विकासखंड में निरंतर कार्य करने की बात कही, रामकिशोर बनखेड़े ने युवाओं की भूमिका,,नारायण देशमुख ने युवाओं का लक्ष एवम मिशन की वर्ष भर निरंतर चलाई जाने वाली गतिविधियां, साप्ताहिक गृहे गृह यज्ञ सहित निरंतर साधना, स्वछता अभियान, पौधारोपण, जल संरक्षण आदि पर मार्गदर्शन दिया ,संजू बरोदे ने कैसा हो युवाओं का चिंतन पर अपने विचार व्यक्त किए,अनिल परिहार ने साधना,दिव्यानी मकोड़े ने नारी जागरण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए वही जिला स्तर पर शांतिकुज हरिद्वार के मार्गदर्शन पर बनी कार्य योजना को नारायण देशमुख द्वारा विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में बैतूल विकास खंड समन्वय समिति से पधारे पर्यावरण समन्वयक मधु वर्मा एवं रोशन लाल पटैया, देवेंद्र साहू,अनिल साहू आदि ने किसानों को लाभ की खेती के लिए फलदार पौधे लगाने की प्रेरणा दी साथ ही एक परिजन एक पौधा के अंतर्गत 150 पौधे जिसमे आम, जाम, जामुन, नींबू, आंवला आदि के फलदार पौधे उपस्थित परिजनों एवं किसानों को वितरित कर उन्हें पाल पोस कर बड़ा करने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर ग्राम खेडीकोर्ट से जितेंद्र सोनी ,स्नेह राजेंद्र डांगे,इंदिरा मकोड़े,हेमलता सूर्यवंशी,मंजूरी खंडाग्रे, पौनी से साहेबराव बरडे,पांडुरंग खंडाग्रे, साईखेड़ा लिहदा,आदि ग्रामों से परिजन उपस्थित रहे।

# बड़ी संख्यां में पहुंचे श्रद्धालुओं ने लगाई ताप्ती में डुबकी

- पुरुषोत्तम मास की पंचमी पर शिव पूजन कर मां ताप्ती में किया दीपदान



**मुलताई, देशबन्धु।** श्रावण मास एवं पुरुषोत्तम मास की पंचमी पर ताप्ती तट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने पहुंचकर श्रद्धा की डुबकी लगाई और परिवार के सुख समृद्धि जीवन प्रकाश के लिए मान्यता अनुसार भगवान शिव एवं मां ताप्ती जल में दीपदान किया।अधिमास के चलते इस वर्ष श्रावण मास की अवधि लंबी रही इसलिए पुरुषोत्तम मास की पंचमी का अपना विशेष महत्व है यही कारण है कि आज मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र के अनेक जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त ताप्ती तट पहुंचे और ताप्ती स्नान कर मान्यता अनुसार असीम पुण्य की प्राप्ति की ताप्ती तक पहुंचने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं में महिलाओं की संख्या बहुत अधिक थी ताप्ती स्नान कर सभी श्रद्धालुओं ने प्रसिद्ध शिव मंदिर तप्तेश्वर महादेव, चिंतेश्वर महादेव एवं मां ताप्ती मंदिर में विशेष पूजन पाठ के उपरांत मां ताप्ती सरोवर में दीपदान किया। सुबह से ही ताप्ती तट पर स्नान पूजन पाठ करने वालों का ताता लगा रहा बैतूल जिले के साथ ही महाराष्ट्र और अन्य जिलों के लोग भी ताप्ती स्नान करने ताप्ती तक पहुंचे और विशेष पूजा अर्चना में भाग लिया।

**परिवार के सुख समृद्धि के लिए किया जाता है दीपदान:** विद्वान पंडित गणेश त्रिवेदी ने बताया कि श्रावण मास और अधिमास मे पुरुषोत्तम मास एक साथ ऐसा योग बहुत कम आता है। और आज पंचमी होने के नाते आज का विशेष महत्व है। श्रावण मास जोकि शिव का प्रतीक है और पुरुषोत्तम मास जोकि विष्णु मास है दोनों एक साथ विशेष पवित्र मांस है जिसमें पूजन पाठ दीपदान से सुख समृद्धि, आपत्ति विपदाओं से सुरक्षा और जीवन प्रकाश मय हो इस कामना के साथ दीपदान किया जाता है।

**महाराष्ट्र से आई महिलाओं ने कहा नहीं है कपड़े बदलने की व्यवस्था:** पवित्र नगरी में ताप्ती तट पर हर शुभ तिथियों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं किंतु नगर प्रशासन आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था को लेकर कभी गंभीर दिखाई नहीं देती। आज पंचमी के दिन महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में महिलाएं मुलताई ताप्ती तट पहुंची थी जिसमें 70 महिलाओं का जत्था नागपुर से ताप्ती तट पहुंचा इन महिलाओं में शामिल नवनीता एवं इंद्रावती बाई ने बताया कि पंचमी के पावन पर्व हम 70 महिलाएं तपती स्नान के लिए मुलताई पहुंची है किंतु यहां सबसे बड़ी समस्या महिलाओं के कपड़े बदलने की है। नगर प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। सुरक्षा को लेकर भी सरोवर में मात्र रस्सी बंधी दिखाई दी और एकमात्र गोताखोर नीकेश कुरवाड़े अपनी नाव के साथ लोगों की मदद करते दिखाई दिए। इसके अलावा नगर पालिका के कर्मचारी दिखाई नहीं दिए। पुलिसकर्मी भी इक्का-दुक्का ही दिखाई दिए ऐसे अवसर पर महिला पुलिस की तैनाती भी की जानी चाहिए।

# विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन



**हरदा, देशबन्धु।** जिला भाजपा के अंतर्गत हरदा विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन स्थानीय कृषि उपज मंडी में संपन्न हुआ। जिला मीडिया प्रभारी दीपक नेमा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के द्वारा मध्य प्रदेश की सभी विधानसभाओं में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के विधानसभा में निवास करने वाले समस्त कार्यकर्ताओं का एक बृहद सम्मेलन आगामी संगठन संरचना एवं योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु किया जाना सुनिश्चित किया गया।

जिले के संगठन प्रभारी विकास विरानी ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश की सरकार आम जनता के सुख दुख के साथी बनी है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी पंकज जोशी ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकारें विकास को आधार मानते हुए कार्य कर रही हैं आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 508 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प करने का ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए एक प्रकार से उसका नीव रखने का काम किया है हम सभी कार्यकर्ताओं को खुश होना चाहिए कि हरदा स्टेशन भी उन स्टेशनों में से एक है जो आगामी समय में महानगरों जैसे सर्व सुविधायुक्त डिजिटल एवं आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए हम सब को मिलने वाली है। कृषि मंत्री हरदा विधायक कमल पटेल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए अपने राजनीतिक जीवन के प्रारंभ से जनसेवक बनने तक की यात्रा को एक कार्यकर्ता के माध्यम से जनता के बीच में स्थापित करते हुए स्वयं के प्रति विश्वास पैदा करते हुए पार्टी को मजबूत करने अपने अनुभव एवं कार्यों के माध्यम से समझाया। उन्होंने कहा मेरी राजनीति यात्रा इसी मंडी प्रांगण से शुरू होकर गांव गांव पंचायत पंचायत तक जनता से सीधा संपर्क उनके साथ हमेशा खड़ा रहना जनता का विश्वास जीतकर सरकार के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास के लिए 24 घंटे काम करना आज मुझे संतोष होता है कि मैंने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया।

# एसडीओपी ने परिवार परामर्श केंद्र समिति सदस्यों और पदाधिकारियों के साथ की बैठक




**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में एसडीओपी का कार्यभार संभालते ही एसडीओपी सुरेश पाल सिंह ने की परिवार परामर्श केंद्र समिति के सदस्यों पदाधिकारियों के साथ बैठक, परामर्श केंद्र में चल रहे प्रकरणों की जानकारी दी। परामर्श समिति के सदस्यों ने अपना परिचय दिया और किस प्रकार के प्रकरण चल रहे हैं। इस संबंध में जानकारी दी और बताया गया की परिवार परामर्श केंद्र में इसकी जानकारी किस प्रकार से लोगों को दी जाती है समझाया जाता है समझाइश दी जाती है,और पति पत्नी को आपस में मिलाने के लिए हमारे द्वारा जितना प्रयास किया जाए हम करते है। वही एसडीओपी ने अपने विचार साझा किए और बताया गया की हम सबको एक साथ मिल कर काम करना होगा सबको समझना होगा अपने अपनें विचारों से प्रयासों से अगल अगल रह रहे पति पत्नी को परिवारों को एक करना हमारा कर्तव्य है समझना हमारा काम है।

# अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले 4 ट्रकों और डंपर को किया जप्त



**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर ऋषि गर्ग के निर्देशानुसार बीती रात में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर वाहनों की जांच एवं कार्रवाई की गई। खनिज अधिकारी आर.पी. कमलेश ने बताया कि खनिज विभाग हरदा एवं म.प्र. राज्य खनिज निगम के संयुक्त दल द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की गई। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पूरी रात वाहनों की जांच कर अवैध रूप से खनिज परिवहन करने वाले वाहन एवं ओवरलोड परिवहन करने वाले वाहनों को जप्त कर संबंधित थानों में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। इस कार्रवाई में 4 दस पहिया ट्रक ओव्हरलोड परिवहन करते हुये हरदा होशंगाबाद मार्ग पर, हरदा छीपानेर मार्ग पर बिना रॉयल्टी रेत परिवहन करते हुये 1 डम्पर, हरदा टिमरनीं मार्ग पर बिना रॉयल्टी रेत परिवहन करते हुये एवं 1 ट्रेक्टर हंडिया से ऊँचान मार्ग पर बिना रॉयल्टी रेत का परिवहन करते हुये जप्त कर थाना टिमरनी थाना कोतवाली हरदा, थाना सिविल लाईन हरदा एवं थाना इंडिया में सुरक्षार्थ पुलिस अभिरक्षा में खड़ा किया गया हैं। इसी दरमियान तहसील खिरकिया के राजस्व अधिकारियों ने हरदा से खंडवा रोड पर थाना छीपाबड़ के पास एक डम्पर को रोककर जांच की गई। इस डम्पर में बिना रॉयल्टी के रेत का परिवहन पाये जाने पर डम्पर को जप्त कर थाना छीपाबड में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। इस तरह खनिज एवं राजस्व अमले द्वारा रातभर कार्रवाई करते हुये 3 डम्पर, 4 ट्रक एवं 1 ट्रेक्टर ट्रॉली को खनिज नियमों के उल्लघंन में जप्त कर अलग- अलग थानों में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया हैं। खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम की कार्रवाई सतत जारी रहेगी। म.प्र. गौण खनिज नियम के प्रावधान अनुसार उपरोक्त समस्त वाहनो के प्रकरण तैयार कर अर्थदंड जमा करवाने की कार्रवाई की जाएगी।

*बढ़ रहा है पोस्ट ऑफिस का काम, घट रहे हैं साधन*

# तहसील का मुख्य पोस्ट ऑफिस भवन हुआ जर्जर



**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी मुलताई का मुख्य पोस्ट ऑफिस भवन दिन-ब-दिन बदहाल होते जा रहा है। हालत इतनी बदतर है की वर्षा काल में भवन भवन के बरामदे में खड़ा रहना कठिन होता है। उपभोक्ताओं को भी और पोस्ट ऑफिस के अंदर बैठे कर्मचारी को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

कई लोग बताते हैं कि बिल्डिंग की हालत इतनी खराब है भवन के पास जाते हुए डर लगता है। अंदर की हालत और भी खराब है जगह-जगह दीमक लग रही है छत पर लगी सीलिंग जगह-जगह से टूट रही है प्लास्टर निकल रहा है। 2012-13 में एरो प्रोजेक्ट के तहत पोस्ट ऑफिस का रिन्युअल हुआ था उसके बाद से देखरेख के अभाव में और लगातार उपेक्षा के कारण पोस्ट ऑफिस भवन दिन पर दिन और खस्ताहाल होता जा रहा है। मुलताई पोस्ट ऑफिस जिले का प्राचीन एवं महत्वपूर्ण पोस्ट ऑफिस माना जाता है पूर्व में काम की अधिकता होने के कारण स्टेट बैंक एवं इसके बाद गांधी वार्ड में एकल व्यक्ति पोस्ट ऑफिस खोला गया था जिसे कुछ वर्षों पहले बंद कर दिया गया इसके बाद से संपूर्ण क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस की मेन ब्रांच मसोद रोड, कन्या शाला के पास पुरानी बिल्डिंग में संचालित हो रहा है वर्क दबाव बढ़ता जा रहा है और साधन और सुविधाओं का अभाव हो रहा है।

**पोस्ट ऑफिस में घुसा कबर बिज्जू टुटी सीलिंग मचा हड़कंप:** पोस्ट ऑफिस भवन में उस वक्त हड़कंप मच गया जब पोस्ट ऑफिस भवन की छत में लगी टीन से घुसकर एक कबर बिज्जू अंदर आ गया और सीलिंग कमजोर होने के कारण सीलिंग टूटकर नीचे आ गिरी और एक अनजान से जानवर को देखकर संपूर्ण ऑफिस में भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई।

**कितना है महत्वपूर्ण :** तहसील में कार्यरत पोस्ट ऑफिस की 22 ब्रांच 5 सब पोस्ट ऑफिस जिसमें दुनावा, साईखेड़ा, मासोद, प्रभात पट्टन ,राय आमला ,संचालित होते हैं। इन सभी ब्रांच एवं सब पोस्ट ऑफिस का संचालन मुख्य पोस्ट ऑफिस मुलताई से किया जाता है। जिसमें 40 से 50 हजार खाते संचालित होते हैं। इसके अलावा पार्सल, एटीएम कार्ड डिलीवरी, मेल, बैंकिंग, आधार कार्ड, लाडली लक्ष्मी बहना खाता संचालन आदि कार्यों का संचालन यहीं से होता है किंतु जैसे-जैसे पोस्ट ऑफिस का कार्य बढ़ता जा रहा है पोस्ट ऑफिस और इन के साधन घटते जा रहे हैं ।

**खतरनाक पहुंच मार्ग:** शासन की अनदेखी का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि संपूर्ण तहसील के प्रमुख पोस्ट ऑफिस में पहुंचने के लिए ठीक रास्ता तक नहीं है। मासोद रोड निर्माण होने से रोड ऊंचा हो गया है और पोस्ट ऑफिस में पहुंचने के लिए नीचे ढलान हो गई है जहां बोल्डर पत्थर पड़े हैं अनेकों बार यहां पर उपभोक्ता गिर कर जख्मी हो चुके हैं।

### इनका कहना है

हमने समय-समय पर हमारे अधिकारियों को पोस्ट ऑफिस की स्थिति से अवगत कराते हुए नया भवन या भवन का सुधार कार्य कराए जाने के लिए लिखा है।

**रमेश धोबले, उपडाकपाल सब पोस्ट मास्टर मुलताई**

## सार समाचार

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के आवेदन 15 तक आमंत्रित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति, जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनांतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में आवेदन करने के लिए पोर्टल खोला गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य ने बताया कि वर्ष 2022-23 के नवीन एवं नवीनीकरण प्राप्त आवेदनों के परीक्षण करने पर पाया गया कि गत वर्षों की तुलना में वर्ष 2022-23 में कम आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस स्थिति को देखते हुए अनुसूचित जाति, जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना के आवेदन प्राप्त करने के लिए 15 अगस्त 2023 तक के लिए पोर्टल एडमिशन डाटा एवं आवेदन प्राप्त करने के लिए खोला गया है।

### संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास समरसता यात्रा जिले में आज करेगी प्रवेश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रदेश में संत शिरोमणि गुरूदेव रविदास जी समरसता यात्रा धार जिले से 25 जुलाई को प्रारंभ हुई है। समरसता यात्रा नर्मदापुरम जिले के विकासखंड सिवनीमालवा में 7 अगस्त को प्रवेश कर 11 अगस्त को जिला विदिशा के लिए प्रस्थान करेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम एवं जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सोजान सिंह रावत ने उक्त जानकारी देते हुए जिले में समरसता यात्रा के समुचित संचालन विभिन्न व्यवस्थाओं के निर्वहन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार समरसता यात्रा 7 अगस्त को टिमरनी जिला हरदा से प्रारंभ होकर सिवनीमालवा में प्रवेश करेगी। सांय 4 बजे महाविद्यालय में जनसंवाद किया जाएगा तथा समरसता यात्रा में विकासखंड सिवनीमालवा के समस्त ग्राम सहभागिता निभायेंगे। समरसता यात्रा 9 अगस्त को आमला से प्रारंभ होकर विकासखंड नर्मदापुरम में प्रवेश कर सांय 4 बजे मैरिज गार्डन में जन संवाद करेगी तथा समरसता यात्रा में विकासखंड नर्मदापुरम के समस्त ग्राम सहभागिता निभायेंगे। समरसता यात्रा 10 अगस्त को नर्मदापुरम से प्रारंभ होकर विकासखंड सोहागपुर में प्रवेश कर प्रातः 11 बजे शासकीय कॉलेज में जन संवाद करेगी तथा समरसता यात्रा में विकासखंड सोहागपुर के समस्त ग्राम सहभागिता निभायेंगे। समरसता यात्रा 10 अगस्त को सोहागपुर से प्रारंभ होकर विकासखंड पिपरिया में प्रवेश कर सांय 4 बजे महाविद्यालय में जन संवाद करेगी तथा समरसता यात्रा में विकासखंड पिपरिया के समस्त ग्राम सहभागिता निभायेंगे। समरसता यात्रा 11 अगस्त को जिला नर्मदापुरम से गंतव्य की ओर प्रस्थान करेगी।

## प्रधानमंत्री किया वर्चुअली शिलान्यास

# इटारसी जंक्शन, नर्मदापुरम एवं बानापुरा रेलवे स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास

**इटारसी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों का वर्चुअली शिलान्यास किया है। 25 हजार करोड़ की लागत से इन सभी रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस बनाया जाएगा। मध्यप्रदेश में पश्चिमी मध्य रेलवे अंतर्गत 36 रेलवे स्टेशनों का लगभग 1125 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। जिसमें नर्मदापुरम जिले के इटारसी जंक्शन, नर्मदापुरम एवं बानापुरा रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों पर जो पुनर्विकास एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी उनमें सर्कुलेटिंग एरिया का विकास एवं स्टेशन भवन का सौंदर्यीकरण, स्टेशन प्रवेश द्वार का विकास, हाई लेवल प्लेटफार्म का प्रावधान, प्लेटफार्म कवर ओवर शेड की सुविधा, स्टेशन भवन के अग्रभाग का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। स्थानीय कला एवं संस्कृति के अनुरूप स्टेशन की आंतरिक साज सज्जा भी की जाएगी। इन स्टेशनों पर 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान है। रेलवे स्टेशनों पर बैठने की उत्तम व्यवस्था के साथ प्रतीक्षालयों का विकास किया जाएगा। ये सभी रेलवे स्टेशन दिव्यांग फ्रेन्डली बनाए जाएंगे। हर स्टेशन पर दिव्यांग शौचालय एवं रैम्प की व्यवस्था भी की जाएगी।

रेलवे की प्रगति से जुड़ी है राष्ट्र की उन्नति : विधायक

रेलवे स्टेशन इटारसी को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है। आज रेलवे स्टेशन में उन्नयन के लिए कार्य का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे सीनियर डीईई सचिन शर्मा भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि रेल्वे की अधोसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) के उन्नयन हेतु इटारसी स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 29.9 करोड़ रुपए से पुनर्विकास किया जाएगा। कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी वर्चुअली जुड़े और संबोधित किया। आज जिले में इटारसी और नर्मदापुरम में एक साथ कार्यक्रम हुए। नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन का भी पुनर्विकास इसी योजना के अंतर्गत किया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने कहा कि रेलवे की प्रगति से ही राष्ट्र की उन्नति है। नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र में ही करीब 48 करोड़ के कार्य हो रहे हैं जिसमें 29.9 करोड़ से इटारसी और करीब 19 करोड़ से नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास होगा। जिले की बात करें तो सिवनी बानापुरा में करीब 20 करोड़ से इसी योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन का



पुनर्विकास होगा। इस तरह से जिले में करीब 68 करोड़ के कार्य हो रहे हैं। संसदीय क्षेत्र में चार अन्य स्टेशनों को मिलाकर यहां 132 करोड़ रुपए के कार्य किये जाएंगे। विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के विकास का और विश्व में प्रथम स्थान पर लाने का संकल्प लेकर काम प्रारंभ किया है। विजयी भवः का आशीर्वाद जनता को देना है। श्री मोदी के कार्यकाल में देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। सड़क, रक्षा, संचार, रेलवे के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है।

पुरानी सरकारों के वक्त विकास की गति अत्यंत धीमी थी, अब वंदे भारत और बुलेट ट्रेन के लिए काम हो रहे हैं, विस्टाडोम कोच आ गये हैं। विधायक ने इसके लिए सांसद राव उदय प्रताप सिंह को धन्यवाद दिया कि उन्होंने विधानसभा और संसदीय क्षेत्र में ये उपलब्धियां दिलायीं। डॉ. शर्मा ने कहा कि रेलवे देश को आपस में जोड़ता है, कोरोनाकाल में एकमात्र यही साधन है, जिसके माध्यम से हजारों लोग अपने घरों तक सुरक्षित पहुंच सके हैं। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि यह शहर के लिए उत्सव का विषय है। रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शपथ लेकर कहा था कि मेरा देश बदल रहा है। अब हम कह सकते हैं कि मेरा देश बदल गया है। पहले हम यूरोपियन देशों की तरफ देखते थे, आज वंदे भारत जैसे ट्रेनों में सफर कर रहे हैं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अतिथियों ने पिछले दिनों हुई विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किये। स्वास्थ्य भाषण और आभार प्रदर्शन सीनियर डीईई सचिन शर्मा ने किया। इस अवसर पर जेडआरयूसीसी के सदस्य राजा तिवारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत सहित रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी और नगर के गणमान्यजन मौजूद रहे।




### विद्यार्थियों को दिए पुरस्कार

अमृत भारत योजना के तहत पूर्व में आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में शामिल प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा पुरूस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर सेंटपाल्स स्कूल और केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने नृत्य की प्रस्तुति दी।

### सशक्त भारत का निर्माण हो रहा : विजयपाल

नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव के आतिथ्य में शिलान्यास समारोह हुआ। स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समारोह में नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, पार्षदगण, पीयूष शर्मा, हंस राय, अनिल बुंदेला, प्रसन्न हरणे, रोहित गौर, सेठी चौकसे, सहित शहर के नागरिक, स्कूली विद्यार्थी शामिल रहे।

विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश भर की रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प के साथ सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। रेलवे स्टेशनों का विस्तार हो रहा है। नई रेलवे लाइन भी डल रही हैं। देश की लगातार प्रगति उन्नति हो रही है। भारतीय रेल के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन एक माडल स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और सांसद राव उदय प्रताप सिंह के प्रयास से रेलवे के विकास में नये आयाम तैयार हो रहे हैं। नपाध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### लघु फिल्म का प्रदर्शन

इस मौके पर रेलवे स्टेशन से संबंधित अमृत भारत प्रोजेक्ट की एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। जिसमें रेलवे स्टेशन के माडल की प्रस्तुति दी गई। स्वागत भाषण भोपाल रेल मंडल के अधिकारी अनुराग दत्त त्रिपाठी ने दिया।

### सीधे प्रसारण का किया अवलोकन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव की उपस्थिति में आयोजित शिलान्यास समारोह व प्रधानमंत्री श्री मोदी के भाषण के सीधे प्रसारण का सभी उपस्थित अतिथि, रेलवे के अधिकारियों व नागरिकों ने अवलोकन व श्रवण किया। आभार प्रदर्शन श्री त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

# हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग, सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

**इटारसी, देशबन्धु।** केसला ब्लॉक के दौड़ी-झुनकर मार्ग पर कल जिस युवक गणेश कहार की हत्या हुई थी, उसके परिजनों और ग्रामीणों ने आज आरोपियों की गिरफ्तारी और मृतक के साले को छोड़ने की मांग लेकर नेशनल हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम किया। पुलिस की समझाईश के बाद ग्रामीण माने और मृतक का अंतिम संस्कार किया।

गौरतलब है कि शनिवार को शाम को दौड़ी झुनकर मार्ग पर सुखतवा निवासी गणेश पिता केसरी कहार की कट्टा और धारदार हथियार से उस वक्त हत्या कर दी थी जब वह मछली का शिकार करने अपने साले परमसुख के साथ झुनकर जा रहा था। एक बाइक पर दो आरोपी मुंह पर कपड़ा बांधे आये थे। घटना के बाद पुलिस ने मृतक के साले को थाने में बिठा रखा था। आज समाज के लोगों और मृतक के परिजनों न उसके साले को अंतिम संस्कार के लिए छोड़ने और आरोपियों की गिरफ्तार की मांग लेकर सड़क पर शव रखकर चक्काजाम किया। करीब दस से पंद्रह मिनट परिजनों ने चक्काजाम किया फिर पुलिस की समझाइश और मृतक के साले को छोड़ने के बाद चक्काजाम खोला और परिजन शव का अंतिम संस्कार करने नर्मदापुरम के लिये रवाना हुये।



# एमजीएम स्कूल में बच्चों को बताए यातायात के नियम



**इटारसी, देशबन्धु।** एमजीएम स्कूल इटारसी में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता अभियान के तहत विद्यालय में बच्चों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी। मुख्य अतिथि उपनिरीक्षक सुनील घावरी यातायात प्रभारी का वाइस प्रेसिडेंट फादर जोजी राजन एवं प्राचार्य अनुराग दीवान ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य ने बच्चों को सड़क दुर्घटना के आंकड़े और उनके परिणामों के बारे में बताया, साथ ही यह भी कहा कि अब कोई भी विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी बिना हेल्मेट के शाला में प्रवेश नहीं करेगा। यातायात निरीक्षक सब इंस्पेक्टर सुनील घावरी ने बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर हम स्वयं और सामने वाले की जान बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं भी हेलमेट पहनें और जब भी माता-पिता या अपने करीबी लोग बाइक चलाते हैं, तो उन्हें हेलमेट पहनने के लिए कहें।

कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने के प्रति जागरूक किया। हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही बताया कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में बच्चों ने भी कुछ प्रश्नों के माध्यम से सवाल जवाब किए। संचालन विद्यालय के ग्रंथपाल हिमांशु द्विवेदी के मार्गदर्शन में कक्षा 9 वी के बच्चों ने किया। शिक्षिका शोभना शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पं. सलिल भट्ट सात्विक वीणा वादन कल इटारसी में



**इटारसी, देशबन्धु।** स्पिक मैके इटारसी द्वारा विश्व के सुप्रसिद्ध सात्विक वीणा वादक पंडित सलिल भट्ट का वीणा वादन इटारसी में 8 अगस्त को इटारसी की शैक्षणिक संस्थाओं में आयोजित किया जाएगा। स्पिक मैके इटारसी के समन्वयक सुनील बाजपेई, अध्यक्ष हेमंत शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर गोठी ने बताया की 8 अगस्त को प्रात: 10 बजे जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनासांवरी रोड, एवं 11.30 बजे प्रज्ञान सीनियर सैकेंडरी स्कूल सनखेड़ा रोड में पंडित सलिल भट्ट के द्वारा सात्विक वीणा वादन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

पंडित सलिल भट्ट अपने संगीत समारोहों में सात्विक वीणा पर सांस्कृतिक कला को प्रस्तुत करने की बात करते हैं। उनकी शैली में शास्त्रीय भारतीय रागों की प्रामाणिकता और मठाधीशों के साथ-साथ विश्व संगीत की सजावट में भी शामिल है। सलिल की बाज़ शैली गायकी मुखर और तंत्रकारी वाद्य प्रस्तुतियों को सिद्ध किया जाता है जो उनके वादन को विविधताओं के साथ पूर्ण बनाते हैं। सलिल सात्विक वीणा पर अपने महान कौशल का प्रदर्शन करते हुए हाई-स्टिक तान वादन में माहिर हैं। अपने गुरु पं. प्रशिक्षण द्वारा विश्व मोहन भट्ट, सलिल शास्त्रीय भारतीय राग की यथार्थता का उनके सख्त उपयोग के साथ पालन करते हैं और अपने द्वारा आनंद लेने वाले प्रत्येक राग की सबसे शुद्ध तस्वीरें तोड़ते हैं। निश्चित ही उनके वादन कार्यक्रम से नई पीढ़ी के युवाओं में भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रति प्रेरणा जाग्रत होगी। आयोजन को सफल बनाने की अपील जीनियस प्लानेट की प्राचार्य मनीता सिद्दीकी, प्रज्ञान स्कूल के प्राचार्य दर्शन तिवारी, पत्रकार जम्मू सिंह उप्पल, दिनेश थापक, श्रीमती सुषमा परमहंस, राजकुमार दुबे, जाफर सिद्धिकी, अथर खान, नीरज चौहान, मनीष ठाकुर, रितेश कैलाश शर्मा, सज्जन लोहिया, निदा फरहीन आदि ने की है।

# मोहल्ला समिति अहिल्या नगर ने आयोजित किया मिलन समारोह



**इटारसी, देशबन्धु।** मोहल्ला समिति वार्ड 23 अहिल्या नगर इटारसी का मिलन समारोह सोना सांवरी स्थित मैरिज गार्डन में समिति सदस्यों की भारी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

मिलन समारोह इतनी शक्ति हमें देना दाता गीत से आरंभ हुआ। समिति की उपाध्यक्ष सुश्री चंद्रमा ठाकुर ने समिति के जनहितैषी सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए अन्य सामाजिक संगठनों के लिए अनुकरणीय बताया। पार्षद एवं लोक स्वास्थ्य सभापति राकेश जाधव ने कहा कि सन् 2012 में शहर में पहला सफाई रिक्शा चलाने का श्रेय मोहल्ला समिति को जाता है। मिलन समारोह को हरिशंकर तिवारी, प्रकाश ताम्रकार, मुकेश चंद्र मैना ने भी संबोधित किया। संचालन सचिव राजकुमार दुबे ने एवं आभार अध्यक्ष नवनीत कोहली ने माना।

मिलन समारोह में चरणजीत सिंह छाबड़ा, विजय दुबे, लीलाधर यादव, अनिल मस्की, मुकेश पटेल, संदीप तिवारी, बृजमोहन सिंह मीना, राजेंद्र चतुर्वेदी, द्वारका प्रसाद गोहिया, अभिजीत मुखर्जी, केपी सैनी, हैप्पी शर्मा, प्रदीप सोनिया, अशोक अवस्थी, अरुण शर्मा, राजेंद्र दुबे, यतेंद्र शर्मा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## विधायक कप : फुटबाल में फाइटर क्लब इटारसी विजेता

# बेडमिंटन में प्रियांशु यादव, उत्कृष्ट वर्मा, पूर्वा रहे विजेता





**इटारसी,देशबन्धु।** सिटी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में तीन दिवसीय विधायक कप बेडमिंटन और खेल प्रशाल में दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का समापन हो गया। कल सोमवार से नर्मदापुरम में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ एनएमवी कालेज में होगा। आज श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल में 90 मिनट के खेल में फुटबाल का निर्णय नहीं हो सका। फाइटर क्लब इटारसी और पुलिस लाइन नर्मदापुरम की टीम ने पूरा दमखम दिखाया। दोनों टीमों को अतिरिक्त समय दिया और यहां भी निर्णय नहीं हो सका। 12-12 पेनाल्टी किक से भी फैसला नहीं हुआ फिर सडन डैथ में फाइटर क्लब को जीत मिली।

### बेडमिंटन प्रतियोगिता के परिणाम

बैडमिंटन में 17 वर्ष आयु बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्रियांशु यादव इटारसी, द्वितीय स्थान अक्षांश सराठे नर्मदापुरम, 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग बालक में प्रथम उत्कर्ष वर्मा इटारसी, द्वितीय ध्रुव नागू नर्मदापुरम, बालिका वर्ग में पूर्वा सोनी प्रथम, सुहानी सक्सेना द्वितीय, 25 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में सुमित बरमैया प्रथम सुनील मिश्रा द्वितीय स्थान पर रहे।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, विशेष अतिथि मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, सभापति राकेश जाधव, प्रतियोगिता के संयोजक जगदीश मालवीय, जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत ने विजेता और उपविजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। स्वागत भाषण राकेश जाधव ने दिया। संचालन अश्वनी मालवीय ने किया।

संबोधित करते हुए विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने कहा कि अद्भुत खेल रहा। फुटबाल में जोश और जुनून दिखा तो बेडमिंटन में उम्र से कहीं अधिक क्षमता के दर्शन हुए। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई और जो जीत नहीं सके, उनको शुभकामनाएं दीं। खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने वाले सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया। मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने कहा कि खेल मंत्री से बात करके अगले वर्ष से खेल महाकुंभ प्रारंभ किया जाए ताकि अन्य खेल भी इसमें शामिल किये जा सकें। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई दी और जो जीत नहीं सके, उनको और मेहनत करने की सीख देते हुए अगले प्रयास में जीत की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर प्रतियोगिता में सहयोगी मो.जाफर सिद्दीकी, खेल विभाग के नर्मदापुरम ब्लाक समन्वयक महेन्द्र पचलानिया, दीपक अठोत्रा, देवेन्द्र पटेल, संजीव दीपू अग्रवाल, राकेश पांडेय, सागर शिवहरे, राहुल चौरे, रोहित गौर, आलोक राजपूत, विवेक भदौरिया, मनोज पोपली, भागवत सिंह, सत्यम अग्रवाल, दीपक परदेशी, सुनील जैन, केके तिवारी, हरप्रीत सिंघ छाबड़ा, मनजीत कलोसिया सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# विदिशा में मुख्यमंत्री का जगह-जगह हुआ स्वागत, इंदौरी पान का स्वाद चखा





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विदिशा में रेलवे प्लेटफार्म नम्बर एक से जैसे ही बाहर आए बेरिकेड के उस पार हजारों की संख्या में मौजूद गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए दोनों हाथों से नमस्कार करते हुए तालियाँ बजाई। इसके बाद मुख्यमंत्री के साथ कई लोगों ने सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री ने लोगों से बात की और उनका हालचाल जाना उनकी समस्याओं को सुना।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भ्रमण के दौरान माधवगंज स्थित इंदौरी पान की दुकान पर पहुँचकर पान खाया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा वर्षों पहले जैसा पान खाने को मिला करता था ठीक वही जायका आज भी है। उनके साथ चल रहे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भी इंदौरी पान का स्वाद लिया। कार्यक्रम के बाद श्री चौहान ने पूर्व वित्त मंत्री राघव जी के घर पहुँचकर उनका हालचाल जाना।

## पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक के बाहर स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर में पहुँचकर पूजा-अर्चना की। जन-सामान्य से भेंट करते वे सीधे मंदिर पहुँचे और पूजा-अर्चना कर नागरिकों के कल्याण की कामना की।

### नरेला में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री तोमर, कहा-

# विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटें




**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। भाजपा के शासनकाल में हर वर्ग की चिंता की गई है और उनका जीवन बदलने का काम किया गया है। जब-जब भी आप दृढ़ निश्चय के साथ मैदान में उतरे हैं और मन लगाकर काम किया है, तब-तब पार्टी ने बहुमत से जीत हासिल की है। आने वाले समय में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। इन चुनावों में जीत के लिए आपको अभी से जुटना होगा। यह बात केंद्रीय मंत्री एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक श्री नरेंद्रसिंह तोमर ने रविवार को भोपाल के नरेला विधानसभा के पीपुल्स मॉल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता 10-10 लोगों को फोन करके भाजपा की जीत का संकल्प दिलाएं।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने लाडली लक्ष्मी, लाडली बहना जैसी योजना चलाई जिससे महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ा है। वहीं केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला, आयुष्मान भारत जैसी कई योजनाएं चलाईं, जिनसे जनता का कल्याण हुआ। पहले गरीब लोग बैंकों तक पहुंच नहीं पाते थे। अधोसंरचना की बात करें तो 2003 के पहले मध्यप्रदेश में मि. बंटाधार मुख्यमंत्री हुआ करते थे और प्रदेश की सड़कों पर चुटकुले बनने लगे थे। 2003 के बाद से जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से प्रदेश की सभी सड़कें बढ़िया हो गई हैं। पहले भोपाल को भी बिजली नहीं मिलती थी लेकिन आज 28 हजार मेगाबाट बिजली का उत्पादन कर गांवों को बिजली दे रहे हैं। प्रदेश में पहले सिर्फ 6 मेडिकल कॉलेज थे, अब मेडिकल कॉलेज की संख्या 25 हो गई है । केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने खूब जन कल्याणकारी काम किए हैं और विकास भी किया है। लेकिन अब फिर से विधानसभा चुनाव आ रहे हैं और एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनाने के लिए आप कार्यकर्ताओं को लगना पड़ेगा। आप सब को बूथ स्तर तक जाकर सरकार की योजनाओं का ठीक ढंग से प्रचार-प्रसार करना होगा और जनता से सीधे बात करना पड़ेगी। तभी विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में हमारी जीत होगी।

सम्मेलन को क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री विश्वास सारंग ने भी संबोधित किया। महापौर मालती राय और जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित थे।

## भाजायुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी आज आएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने बताया कि मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या 7 अगस्त को भोपाल प्रवास पर रहेंगे। श्री तेजस्वी सूर्या प्रात: 7.25 बजे भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पहुंचेंगे। प्रात: 11 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करेंगे। दोपहर 12 बजे होटल आमेर ग्रीन्स, होशंगाबाद रोड, भोपाल में प्रदेश स्तरीय मंडल अध्यक्ष कार्यशाला को संबोधित करेंगे। शाम 4 बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार (मिंटो हाल) पुरानी विधान सभा पर गर्ल्स कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे। रात्रि 8 बजे गुफा मंदिर भोपाल में पूजन करेंगे। श्री तेजस्वी रात्रि 9.25 बजे राजा भोज विमानतल से दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

## दस्तक दल ने मिशन कार्यालय में दी सेवाएँ

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य स्तर पर रविवार 6 अगस्त को राष्ट्रीय मिशन कार्यालय में दस्तक कैंप का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय में कार्यरत अधिकारी, सलाहकार और कर्मचारियों के 0-5 वर्ष तक के बच्चों को दस्तक अभियान अंतर्गत समस्त सेवाएँ प्रदान की गई। कैंप में लगभग 60 बच्चों को आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध कराई गई। आर.बी.एस. के चिकित्सकों द्वारा बाल्यकालीन बीमारियाँ जैसे दस्त, निमोनिया, आँखों की जाँच, दांतों की जाँच, बच्चों में वाक् संबंधी समस्याओं की जाँच, परामर्श, विकासात्मक विलंब की पहचान, पोषण जैसे परीक्षण एवं परामर्श दिये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी, उप संचालक डॉ. हिमानी यादव, शिशु स्वास्थ्य अधिकारी आर.बी.एस. के कार्यक्रम व शिशु स्वास्थ्य पोषण राज्य स्तरीय सलाहकार, भोपाल जिले से श्री उज्ज्वल कुमार, श्री निलेश लगराखा, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर डॉ. आशीष अग्रवाल, डॉ. सोनल श्रीवास्तव ए.एन.एम. भावना रायदास, गुनटा पिंजारे, आशा कार्यकर्ता सुमन पांडे व रजनी और शहरी क्षेत्र से डॉ. अभिषेक सेन, डॉ. दीप्ति मनोहर डॉ. कार्तिक कुमार, नर्सिंग ऑफिसर, पब्लिक हेल्थ मेनेजर, शहरी ए.एन.एम, एम.टी.डब्ल्यू और आशा आँगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आधुनिक रेलवे स्टेशन की उम्मीद पूरी होते देख खुश हो गए स्थानीय लोग

## प्रधानमंत्री , रेल मंत्री और मुख्यमंत्री का जताया आभार

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए 508 रेलवे स्टेशनों का चुनाव किया गया जिनमें मध्यप्रदेश के 21 जिलों के 34 रेलवे स्टेशन में शामिल है।

इस योजना में अपने जिले के स्टेशन का नाम शामिल होते ही स्थानीय लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई। आधुनिक रेलवे स्टेशन मिलने की उम्मीद अब पूरी होने जा रही है।सागर के लघु व्यवसायी श्री देवी सिंह राजपूत इस बात से बेहद खुश हैं कि सागर जिले का रेलवे स्टेशन भी अब चमक जाएगा। यात्रियों को बहुत सुविधा होगी। वे कहते हैं कि इस पहल की सागर जिले को बहुत जरूरत थी। इसके लिए हम प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री चौहान जी के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

सागर के ही टेलरिंग मैटेरियल का व्यापार करने वाले श्री विजय कटारिया कहते हैं कि सागर एक बड़ा रेलवे जंक्शन है। यहाँ पर एक आधुनिक रेलवे स्टेशन की आवश्यकता महसूस हो रही थी जो आज प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पूरी कर दी। विदिशा जिले के सामाजिक कार्यकर्ता श्री मनोज पंजवानी कहते हैं कि विदिशा और गंजबासौदा में आधुनिक सुविधाओं वाले रेलवे स्टेशन बनने का समाचार सुनते ही परिवार में सभी लोग खुश हुए और इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में विदिशा और गंजबासौदा जिले के काफ़ी लोग भोपाल और इंदौर अप-डाउन करते हैं। विदिशा जिले में व्यापारिक गतिविधियों का और ज्यादा विस्तार होगा। अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मुरारी सोनी का कहना है कि विदिशा हर प्रकार से एक सक्रिय जिला है। यह मेट्रो शहरों जैसा रूप लेता जा रहा है। विदिशा जिले के विस्तार को देखते हुए एक आधुनिक रेलवे स्टेशन की कमी अब जल्दी पूरी होगी।

बैतूल के वरिष्ठ अधिवक्ता नवनीत गर्ग जिले के रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के सरकार के निर्णय से खुश हैं। वे कहते हैं अब बैतूल स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाएँ मिल सकेंगी। जिससे यात्रियों को और ज्यादा सुविधाएं मिलेगी। यह शहर के विकास में एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। इसके लिए श्री गर्ग ने बैतूल के लोगों की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्रालय और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

बैतूल के ही नीरज साहू बताते हैं कि रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हो जाएंगी। भोपाल में संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास पर पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर के अध्यक्ष श्री साबूमल रीझवानी कहते हैं कि स्टेशन के विकास से ही संत नगर का नाम रोशन होगा। व्यापार और रोजगार में बढ़ोतरी होगी तथा पर्यटकों का भी ज्यादा से ज्यादा आगमन हो सकेगा। जीव सेवा संस्थान के ट्रस्टी श्री हीरो ज्ञानचंदानी का मानना है कि संत हिरदाराम नगर स्टेशन का कायाकल्प होना शहर के लिए सौगात है। इससे जहाँ पर्यटन को तो बढ़ावा मिलेगा ही साथ-साथ व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा और व्यापारी भाईयों को भी बहुत मदद मिलेगी। रेल सुविधा संघर्ष समिति संत हिरदाराम नगर के अध्यक्ष श्री परसराम आसवानी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संत हिरदाराम नगर स्टेशन का विकास होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

### मंत्रियों के इलाके में सेंध

# नायक और धनौरा कांग्रेस में शामिल




भोपाल, देशबन्धु। प्रदेश कांग्रेस ने राज्य सराकर के 2 मंत्रियों के क्षेत्रों में सेंधमारी करने में सफलता हासिल की है। पार्टी ने दतिया और सागर के 2 भाजपा नेताओं को अपने पाले में कर लिया है। भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के विधानसभा क्षेत्र दतिया के भाजपा नेता अवधेश नायक और सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के क्षेत्र से नाता रखने वाले राजकुमार धनौरा ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। दतिया के अवधेश नायक तो नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ उमा भारती की जनशक्ति पार्टी से भी चुनाव लड़ चुके हैं, बाद में वे भाजपा में लौट आए। भाजपा सरकार ने उन्हें पाठ्य पुस्तक निगम का उपाध्यक्ष जरूर बनाया था।इसी तरह सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राजकुमार धनौरा का राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से बीते कुछ समय से विवाद चला रहा है और धनौरा ने खुले तौर पर मंत्री पर कई गंभीर आरोप लगाए उसके बाद धनौरा को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अब धनोरा ने कांग्रेस की सदस्यता ले ली है।

### कमल नाथ बोले.....तो शिवराज का भी स्वागत है

कमलनाथ ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि हमारा सिद्धांत हैं कि स्थानीय नेताओं की सहमति के बिना किसी को पार्टी में नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान शामिल होना चाहें और हमारे लोगों स्वीकार करें तो उनका भी स्वागत है।

## अंजुम रहबर भी कांग्रेस में शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** देश की मशहूर शायर अंजुम रहबर ने भी रविवार को कमलनाथ की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने देश के वर्तमान हालातों पर चिंता जताई और कि वे अब तक शायरी करती रही है अब वे समाजसेवा करना चाहती है और इसीलिए कांग्रेस में शामिल हुई हैं। यह पूछे जाने पर क्या वे कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर चुनाव लड़ेंगी तो उन्होंने कहा कि वे चुनाव नहीं लड़ेंगी मगर पार्टी उन्हें उम्मीदवार बनाएगी तो वे मना भी नहीं करेंगी।

### अंतिम दिन 23 कार्यक्रमों में 160 साहित्यकारों ने लिया भाग

# एशिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव उन्मेष का शानदार समापन




**भोपाल, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर साहित्य को जन जन तक पहुंचाने, साहित्य सृजन और संरक्षण करने की प्रतिज्ञा के साथ एशिया के सबसे बड़े अंतर्राष्टीय साहित्य उत्सव उन्मेष का शानदार समापन हुआ।

अंतिम दिन आदिवासी कवि सम्मेलन के साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत, नारीवाद साहित्य और साहित्य के मूल्य ,भारत के महाकाव्य ,भारत की सौम्य शक्ति , स्वतंत्रता आंदोलन में पुस्तकों की भूमिका और भारतीय भाषाओं में प्रकाशन पर विचार विमर्श हुआ। सर्वश्री एस एल भैरप्पा, सुरजीत पातर, विश्वास पाटिल,प्रयाग शुक्ल, के. शिवा रेड्डी, आलोक भल्ला, वसंत निरगुने,रमेश आर्य, मदन मोहन सोरेन और महादेव टोप्पो आदि ने अपने विचार रखें।

## स्त्रियों के लिए समान दृष्टिकोण जरूरी : नमिता गोखले

नारीवाद और साहित्य विषय पर महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात लेखिका और प्रकाशक नमिता गोखले ने कहा कि सही मायने में नारीवाद का मतलब सभी के लिए समान दृष्टि होना है ।उन्होंने प्राचीन काल से महिलाओं द्वारा लिखे साहित्य की चर्चा करते हुए कहा कि लेखन की परंपरा आज भी जारी है। वक्ता सी मृणालिनी ने नारी साहित्य की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि इस साहित्य ने नारी स्वतंत्रता के नए द्वार खोले हैं। लीना चंदोरकर ने कहा कि जिस दिन नारी अपने जीवन से जुड़े महत्त्वपूर्ण निर्णय स्वयं ले सकेगी, वह तभी आजाद होगी। प्रीति शिनॉय ने महिलाओं के लिए समान वेतन और आर्थिक समानता पर बल दिया। सोनोर झा ने कहा कि आर्थिक समानता की शुरुआत हमे अपने घरों से ही करनी होगी।

## पूर्व माओवादी गीतकार गदर का निधन

**हैदराबाद, एजेंसी।** पूर्व माओवादी विचारक और क्रांतिकारी गीतकार गदर का संक्षिप्त बीमारी के बाद रविवार को यहां निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। उन्होंने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां उन्हें 10 दिन पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद भर्ती कराया गया था। उनके परिवार में पत्नी विमला और एक बेटा तथा एक बेटी हैं। उनके दूसरे बेटे चंद्रुडु का 2003 में निधन हो गया था। मेडक जिले के तूपरान में 1949 में एक दलित परिवार में जन्मे गदर का मूल नाम गुम्मदी विट्ठल राव था, लेकिन वह अपने मंच नाम गदर से लोकप्रिय हो गए। वह उस्मानिया यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग कॉलेज के दिनों से ही एक क्रांतिकारी गायक और नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखने वाले थे।

उन्होंने 1969-70 के दशक में तेलंगाना आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया और आंदोलन के समर्थन में कई गीतों को अपनी आवाज दी।

# रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में है भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा है कि जब से दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ है, तब से भारत शीर्ष स्तर पर नियमित आधार पर रूस और यूक्रेन के साथ जुड़ा हुआ है। डोभाल ने जेद्दा में एनएसए के शिखर सम्मेलन के दौरान ये टिप्पणियां कीं, जिसकी मेजबानी यूक्रेन-रूस संघर्ष पर चर्चा के लिए सऊदी अरब ने की है।

भारत, अमेरिका और चीन समेत करीब 40 देशों के शीर्ष अधिकारियों ने शनिवार को सऊदी अरब के जेद्दा में बातचीत की। उम्मीद की जा रही है कि बातचीत में युद्ध की शांतिपूर्ण परिणति सुनिश्चित करने के लिए कुछ सिद्धांतों पर सहमति बन सकती है। इस बीच, रिपोर्टों में डोभाल को शिखर सम्मेलन में यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों पर बनी वैश्विक व्यवस्था का समर्थन करता है। रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया है कि उन्होंने सभी देशों को एक-दूसरे की क्षेत्रीय संप्रभुता का सम्मान करने पर जोर दिया और कहा कि दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष का शांतिपूर्ण अंत खोजने के लिए शांति बनाए रखने के प्रयास किए जाने चाहिए। एनएसए ने यह भी कहा कि संपूर्ण दक्षिणी गोलार्ध संघर्ष के परिणामों को भुगत रहा है, हालांकि भारत यूक्रेन को मानवीय सहायता प्रदान कर रहा है, क्योंकि वह हमेशा बातचीत और कूटनीति को बढ़ावा देने में विश्वास करता है। डोभाल ने कहा कि एनएसए की बैठक में दोहरी चुनौती है - स्थिति का समाधान और संघर्ष के परिणामों को नरम करना, और दोनों मोर्चों पर प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए बहुत अधिक जमीनी काम की आवश्यकता होगी, क्योंकि दोनों देशों को शांतिपूर्ण समाधान प्रदान करने के प्रयासों के बावजूद, कोई भी परिणाम नहीं निकला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डोभाल ने कहा कि जेद्दा बैठक में ऐसे समाधान की तलाश की जानी चाहिए, जो सभी हितधारकों को स्वीकार्य हो।

## अधीर रंजन ने ममता से कहा, निर्वाचित कांग्रेस पंचायत सदस्यों को डराना बंद करें



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कहा है कि राज्य में पंचायत बोर्डों के गठन से पहले निर्वाचित विपक्षी उम्मीदवारों को डराने-धमकाने और उनका अपहरण करने से बाज आएं। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सीएम ममता को एक पत्र लिखा जिसमें कहा है कि 'मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले और बाद में हर बार लगातार हिंसा, हत्याएं और खून-खराबा होता रहा है। हिंसा के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत हुई है। पुलिस, नेता और गुंडे उन पर हत्या और अन्य आरोप लगाकर उन्हें धमका रहे हैं एवं उन्हें टीएमसी की सदस्यता स्वीकार कर आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर कर रहे हैं।' चौधरी ने मुख्यमंत्री से यह सवाल भी किया कि क्या पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतने का यही सभ्य तरीका है? चौधरी ने पत्र में यह भी कहा कि 'मैं आपसे ईमानदारी से अनुरोध करता हूं कि टीएमसी के प्रभुत्व पर एकाधिकार करने के लिए अन्य पार्टी के उम्मीदवारों और समर्थकों को प्रताड़ित करने, आतंकित करने तथा मजबूर करने में पुलिस एवं गुंडों का इस्तेमाल करने से बचें।' चौधरी ने हाल ही में मुर्शिदाबाद जिले के नबाग्राम में एक व्यक्ति की हिरासत में मौत का भी जिक्र किया। उन्होंने पत्र में कहा कि इन परिस्थितियों में आपसे अनुरोध है कि पंचायत बोर्डों के गठन से पहले पश्चिम बंगाल में जो कुछ चल रहा है उसे रोकने के लिए इस मामले को व्यक्तिगत रूप से देखें। इस संबंध में आपके समय पर हस्तक्षेप की अत्यधिक सराहना की जाएगी।

### 2022-23 के दौरान कुल 6.23 करोड़ जनधन खाते खोले गए

# बिहार, उप्र व तमिलनाडु में जनधन लाभार्थियों की संख्या सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बिहार, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु 2022-23 में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमएमवाई) के लाभार्थियों की सबसे अधिक संख्या वाले शीर्ष तीन राज्य हैं। 2022-23 के दौरान कुल 6.23 करोड़ जनधन खाते खोले गए। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, योजना के अधिकतम लाभार्थियों वाले राज्यों की सूची में बिहार शीर्ष पर है, जो 2022-23 में 84,89,231 था। उत्तर प्रदेश 68,08,721 लाभार्थियों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि तमिलनाडु कुल 64,06,513 पीएमएमवाई लाभार्थियों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। पीएमएमवाई के तहत सदस्य ऋण देने वाले संस्थानों (एमएलआई), यानी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) द्वारा 10 लाख रुपए तक का संपार्श्विक-मुक्त संस्थागत ऋण प्रदान किया जाता है। कोई भी व्यक्ति, जो अन्यथा ऋण लेने के लिए पात्र है और उसके पास लघु व्यवसाय उद्यम के लिए व्यवसाय योजना है, विनिर्माण, व्यापार और सेवा क्षेत्रों में आय सृजन गतिविधियों के लिए योजना के तहत ऋण प्राप्त कर सकता है, और तीन ऋण श्रेणियों में कृषि से संबद्ध गतिविधियों के लिए भी ऋण प्राप्त कर सकता है, यानी 'शिशु' (50,000 रुपए तक का ऋण), 'किशोर' (50,000 रुपए से अधिक और 5 लाख रुपए तक का ऋण) और 'तरुण' (5 लाख रुपए से अधिक और 10 लाख रुपए तक का ऋण)।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**न खुद करते हैं....**दोहराने का दिन है। इसके बाद 9 अगस्त आएगा। यह वह दिन है जब ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोन शुरू हुआ था। महात्मा गांधी ने मंत्र दिया था और भारत छोड़ो आंदोलन ने आजादी की दिशा में भारत के कदमों में नई उर्जा पैदा की। आज इसी से प्रेरित होकर पूरा देश हर बुराई के लिए कह रहा है-भारत छोड़ो। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने वी.सी. के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जल, वायु, सड़क और रेल के अधोसंरचना विकास में शानदार काम किया है। आज रेलवे का बजट लगभग ढाई लाख करोड़ रूपए हो गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 1300 स्टेशनों का कायाकल्प होना है और वर्तमान में 25000 करोड़ रुपए की राशि से देश के 508 रेलवे स्टेशन पर आधुनिक यात्री सुविधाओं के विकास के लिए निर्माण कार्य किए जाएंगे। उन्होंने आज के दिन को ऐतिहासिक दिन बताते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व का आभार माना और देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं।

**प्रधानमंत्री ने छप्पर....**सौंदर्यीकरण में स्थानीय कला तथा संस्कृति के तत्वों का समावेश किया जाना चाहिए। पैदल पथ, पार्किंग तथा सुगम यातायात की सुविधा सुनिश्चित करने के साथ ही, यात्रियों की सुविधाओं की सतत निगरानी के प्रबंध अवश्य किए जाने चाहिए। रेलवे स्टेशन पर दिव्यांगों के लिए विशेष शौचालय, रैम्प इत्यादि के साथ ही उनके उचित देख भाल की व्यवस्था की जाए। स्थानीय कार्यक्रम में विधायक रामेशवर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम आदमी की बहुत चिंता करते है। उनकी जरूरतों को पूरा करने के कार्य अभूतपूर्व गति से हो रहे है। पश्चिम मध्य रेलवे के महा प्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास के कार्यों का विवरण दिया। आभार प्रदर्शन अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्रीमती रश्मि दिवाकर ने किया।

**प्रदेश को विकसित....**गया है। कार्यक्रम को सांसद रमाकांत भार्गव ने भी संबोधित किया। रेलवे बोर्ड के अपर महा प्रबंधक रविशंकर सक्सेना ने स्वागत भाषण दिया। लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व वित्त मंत्री राघव , विधायक हरिसिंह सप्रे, अपर महाप्रबंधक रेलवे श्री रविशंकर सक्सेना, डी.आर.एम. देवाशीष त्रिपाठी, जन-प्रतिनिधि और आमजन उपस्थित थे।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली* फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।